इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

वर्ष- 45 | अंक - 101 | राजनांदगांव गुरूवार 26 फरवरी 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




# छग विधानसभा : सीएम बोले-बस्तर को उद्योगपतियों को सौंपे जाने की बात दुष्प्रचार: सदन में उठा नशे-गिग वर्कर्स का मुद्दा, चंद्राकर बोले- प्रदेश में 2 लाख ड्रग यूजर

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के तीसरे दिन बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर और धरमलाल कौशिक ने नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री का मुद्दा उठाते हुए प्रशासन को असफल बताया है। जबकि गृहमंत्री विजय शर्मा ने प्रशासन के फेल होने के आरोपों को नकारा है।

चंद्राकर ने AIIMS और सामाजिक न्याय मंत्रालय के राष्ट्रीय सर्वेक्षण के आकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में नशीले ड्रग यूजर डेढ़ लाख से 2 लाख हो गई है। जबकि गांजा पीने वाले संख्या 3.8 लाख से 4 लाख है। इसी तरह 10 से 17 साल के 40 हजार से ज्यादा बच्चे और किशोर इन्हेलेंट्स और कफ सिरफ के शिकार हैं। नशे की लत की वजह से मानसिक तनाव के चलते सुसाइड कर रहे हैं। इसमें मृत्यु दर 250 से 300 है। चंद्राकर ने कहा कि प्रशासन इसे रोकने में असफल रहा है।

गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि साल 2026 में (31 जनवरी 2026 तक) कुल 146 प्रकरणों में 257 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 2025 में 16 आरोपियों की करीब 13.29 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त या फ्रीज की गई है। नशीले पदार्थों पर रोक लगाने के लिए सभी जिलों में टास्क फोर्स बनाई है। यह कहना गलत है कि प्रशासन फेल रहा है। भूपेश बघेल ने कहा कि नशा और तस्करी पर ध्यानाकर्षण में चर्चा चल रही थी। तब ही विषय शराब पर भी आ गया। इस पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा -शराब पर चर्चा लंबी है फिर कर लेंगे, शराब पर बात निकलेगी तो दूर तलक जाएगी। गृहमंत्री विजय




शर्मा की इस बात पर ही भूपेश बघेल ने तीखे तेवर में कहा -सत्र चल रहा है.. कितनी भी लंबी बात हो.. कितनी भी दूर जाएगी..जाने दीजिए.. और चर्चा कराइए। वहीं राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता प्रस्ताव के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सदन में कहा कि यह आरोप लगाया जाता है कि बस्तर में नक्सलवाद इसलिए समाप्त किया जा रहा है ताकि उद्योगपतियों को बसाया जा सके। यह बात पूरी तरह दुष्प्रचार है। हम वहां कृषि करना चाहते हैं, सिंचाई का साधन बनाना चाहते हैं। वहां कई वॉटरफॉल है, पर्यटन बढ़ाना चाहते हैं।

सीएम ने कहा कि हमारी सरकार ने कांग्रेस शासनकाल में हुए भ्रष्टाचार के कचरे को साफ किया है। अक्सर कहा जाता था कि भ्रष्टाचार के मामलों में छोटी मछलियां पकड़ ली जाती हैं और मगरमच्छ छोड़ दिए जाते हैं। लेकिन अब प्रदेश को लूटने वाले मगरमच्छ जेल की सलाखों के पीछे हैं, और जो अभी बाहर हैं, वे भी जल्द ही जेल के भीतर होंगे। इसके बाद विधानसभा कल तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इससे पहले प्रश्नकाल में अजय चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में स्विगी, जोमैटो, ब्लिंकिट और रैपिडो जैसे प्लेटफॉर्म वर्करों की सुरक्षा और श्रम अधिकारों का मुद्दा उठाया। उन्होंने पूछा कि गिग वर्करों को संगठित श्रमिक माना जाएगा या असंगठित, और तेज डिलीवरी के दबाव में उनकी सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने जवाब दिया कि फिलहाल गिग वर्करों को न तो संगठित और न ही असंगठित श्रमिक माना गया है। सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के तहत नियम भारत सरकार के अधिनियम के अनुसार लागू होंगे, और राज्य सरकार केंद्र द्वारा अधिसूचित नियमों का पालन करेगी।

### डॉ. रमन सिंह ने ऑपरेशन की सफलता की दी जाननकारी

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने अपने स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि आज तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित हॉस्पिटल में मेरे कमर संबंधी (स्लिप डिस्क) समस्या का ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा हुआ है। चिकित्सकों के परामर्श अनुरूप स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहा हूं।

### अजय बोले- छत्तीसगढ़ के युवा नशे की चपेट में

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि मैक्सिको में ड्रग तस्कर एलमैंचो के एनकाउंटर के बाद वहां के 12 जिलों में हिंसा भड़क गई है। छत्तीसगढ़ के युवा नशा की चपेट में हैं। रायपुर में हर जगह आसानी से नशीले पदार्थ उपलब्ध है। पुलिस आरक्षक भी इस मामले में पकड़ा गया है। इसे रोकने में प्रशासन विफल रहा है। कुछ दिनों पहले रायपुर में गांजे की पैकेजिंग करने वालों को पुलिस ने पकड़ा था और उनके पास ऐसे हाईटेक कैमरे थे, जिससे उन्हें पहले ही पता चल जाता था कि पुलिस आने वाली है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नशीली पदार्थों जैसे चरस, गांजा, ब्राउन शुगर, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मारे जाते पाकिस्तानी पीएम मैंने बचाई जान: ट्रंप का अमेरिकी संसद में दावा; बोले- रोक दिया भारत-पाक परमाणु युद्ध

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में पाकिस्तान को लेकर अब तक का सबसे सनसनीखेज दावा किया है। ट्रंप ने अमेरिकी संसद में कहा कि अगर वे हस्तक्षेप नहीं करते, तो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की जान जा सकती थी। उन्होंने दावा किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले परमाणु युद्ध को उनके दखल ने ही टाला है।



### मैंने पाकिस्तानी पीएम को मरने से बचाया

राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार रात अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करते हुए अपनी विदेश नीति की उपलब्धियों का बखान किया। इस दौरान उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले साल मई में हुए तनाव का विशेष रूप से जिक्र किया। ट्रंप ने बड़े गर्व से कहा, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री मारे जाते, अगर मैंने दखल नहीं दिया होता। मैंने उनकी जान बचाई है। ट्रंप का यह इशारा पिछले साल अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर की ओर था।

### परमाणु युद्ध का दावा

ट्रंप ने दावा किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच हालात इतने बिगड़ गए थे कि दोनों देश परमाणु युद्ध की कगार पर खड़े थे। ट्रंप के अनुसार, खुद पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने उनसे कहा था कि राष्ट्रपति ट्रंप की वजह से 3.5 करोड़ लोगों की जान बच गई। उन्होंने कहा कि 200 प्रतिशत टैरिफ लगाने की उनकी धमकी ने दोनों देशों को युद्ध रोकने के लिए मजबूर कर दिया। ट्रंप ने दावा किया कि उनके दखल के बाद ही दोनों पक्ष शांति की मेज पर आने को राजी हुए। अपने भाषण में ट्रंप ने उन आठ अंतरराष्ट्रीय संघर्षों की सूची भी गिनाई, जिन्हें (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मोदी ने इजराइली संसद में हमास हमले की निंदा की: कहा- हम आपका दर्द समझते हैं, भारत लंबे वक्त से आतंकवाद से पीड़ित

तेल अवीव। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के इजराइल दौरे पर हैं। उन्होंने इजराइली संसद को संबोधित करते हुए इजराइल पर हमास के हमले की निंदा की। मोदी ने कहा कि हम आपके दर्द को समझते हैं, भारत लंबे वक्त से आतंकवाद से पीड़ित है।

उन्होंने कहा कि भारत इस समय और भविष्य में भी पूरे विश्वास के साथ इजराइल के साथ खड़ा है। मोदी ने कहा कि किसी भी वजह से आम नागरिकों की हत्या को सही नहीं ठहराया जा सकता और आतंकवाद को किसी भी हाल में जायज नहीं ठहराया जा सकता। मोदी नेसेट को संबोधित करने पहले भारतीय प्रधानमंत्री है। संसद पहुंचने पर सांसदों ने मोदी का खड़े होकर स्वागत किया और मोदी मोदी के नारे लगाए।



### नेतन्याहू बोले- मोदी मेरे भाई जैसे हैं

मोदी से पहले इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी मेरे भाई जैसे हैं, मेरे दिल में उनके लिए खास जगह है। उन्होंने मोदी को दुनिया का सम्मानित नेता बताया। इससे पहले नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया। इस दौरान राष्ट्रगान की धुन के साथ पीएम का स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर ही पीएम मोदी और नेतन्याहू ने राजधानी तेल अवीव में प्राइवेट बातचीत भी की। इसके बाद वे होटल पहुंचे जहां, प्रवासी भारतीयों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान कलाकारों ने परफोर्मेंस भी दी। मोदी का यह 9 साल बाद दूसरा इजराइल दौरा है। इससे पहले वे जुलाई 2017 में तेल अवीव गए थे।

### नेतन्याहू का भावुक स्वागत: 'महान दोस्त' मोदी का जेरूसलम में अभिनंदन

बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, ...मेरे प्यारे दोस्त नरेंद्र मोदी, मैं आज यहां आपके आने से बहुत खुश हूं। मैं इतना खुश कभी नहीं हुआ, जितना इज़राइल के एक महान दोस्त, भारत-इज़राइल गठबंधन के एक महान चैंपियन, दुनिया के मंच पर एक महान नेता के यहां आने से हुआ हूं। मेरे प्यारे दोस्त आपका और आपके खास प्रतिनिधिमंडल का जेरूसलम में स्वागत है।

### स्पीकर आमिर ओहाना ने कहा- ऐतिहासिक क्षण

नेसेट के स्पीकर आमिर ओहाना ने कहा, आज, नेसेट के स्पीकर के तौर पर यह मेरे लिए बहुत खुशी की बात है कि मैं उनका स्वागत कर रहा हूँ, क्योंकि वे भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं जो नेसेट को संबोधित करके एक बार फिर इतिहास रचने वाले हैं। धन्यवाद, प्रधानमंत्री मोदी... दौरे की शुरुआत बेन गुरियन एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत के साथ हुई। नेतन्याहू अपनी पत्नी सारा नेतन्याहू के साथ स्वयं एयरपोर्ट पहुंचे। राष्ट्गान की धुन बजी, औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से एक-दूसरे का अभिवादन किया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# दिग्गी राजा डोंगरगढ़ जाते समय रुके जीतु के यहां

## कांग्रेसियों ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का किया भव्य स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह बुधवार को मां बम्लेश्वरी दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जाते समय कुछ पल के लिए शहर कांग्रेस अध्यक्ष जीतू मुदलियार के यहां रुके। इस दौरान जितेन्द्र मुदलियार सहित कांग्रेसी नेता अशोक पंजवानी, मोहित, पार्षद प्रतिनिधि युवराज भारती, चंदेल आदि द्वारा दिग्गी राजा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मीडिया से मुलाकात के दौरान भोपाल गैस कांड के आरोपी एंडरसन को तत्कालीन कांग्रेसी प्रधानमंत्री द्वारा भगाएं जाने के सवाल पर बिगड़ते हुए दिग्गी राजा ने किसानों की बात बेरोजगारी पर बात क्यों नहीं करते कहा अडानी-अंबानी पर बात क्यों नहीं करते कहते हुए मीडिया वालों पर झिड़की लगाई। बता दे कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह रात्रि विश्राम डोंगरगढ़ में करेंगे। वहां वे वरिष्ठ कांग्रेसी अनिल गट्टानी के यहां भी जायेंगे।

# छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, ई-मेल से मचा हड़कंप, अफरा-तफरी के बीच खाली कराया गया परिसर

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी के बाद हाई कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं व अधिकारियों के बीच हड़कंप मच गया। एसएसपी रजनेश सिंह समेत पुलिस के अधिकारी आनन-फानन में हाई कोर्ट पहुंच गए। कैंपस में तैनात सुरक्षा बलों ने कमान संभाल कर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद बम स्क्वायड दस्ते ने परिसर में चप्पे-चप्पे की तलाशी ली। इस दौरान कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। हाई कोर्ट में बुधवार को रोज की तरह कामकाज चल रहा था। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा समेत सभी जज अपने कोर्ट रूम में बैठकर मामलों की सुनवाई कर रहे थे। इसी बीच ईमेल के जरिए हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली।



सुरक्षागत कारणों से चीफ जस्टिस ने सुनवाई रोक दी। साथ ही रजिस्ट्रार जनरल ने जिला व पुलिस प्रशासन को ईमेल की जानकारी दी। हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी की जानकारी मिलने के बाद पुलिस के साथ ही जिला प्रशासन का अमला सक्रिय हो गया। हाई कोर्ट में तैनात सुरक्षा बल के जवानों के साथ ही अतिरिक्त पुलिस बल भेजकर हाई कोर्ट परिसर सहित आसपास के इलाके की नाकेबंदी करा दी गई। साथ ही तत्काल बम स्क्वायड दस्ते (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कृषि मंत्री की दो टूक: किसानों का पैसा रोकने पर लगेगा 12 प्रतिशत ब्याज, 2 लाख करोड़ की खाद सब्सिडी सीधे खाते में

नई दिल्ली। केंद्र सरकार की ओर से कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए कड़े और पारदर्शी सुधारों की बात कही गई है। नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) में तीन दिवसीय पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों के आर्थिक हितों से जुड़ा कोई भी समझौता या लेटलतीफी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### भुगतान में देरी पर जुर्माना और डीबीटी पर जोर

किसानों के बकाये को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कृषि मंत्री ने चेतावनी दी कि जो भी एजेंसी या राज्य सरकार किसानों का पैसा रोकेगी, उसे उस राशि पर 12 प्रतिशत ब्याज चुकाना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार वित्तीय देरी को खत्म करने के लिए अपना हिस्सा सीधे किसानों के खातों में भेजने के विकल्प पर काम कर रही है। इसके अलावा, एक बड़े नीतिगत बदलाव का संकेत देते हुए उन्होंने सालाना 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की खाद (उर्वरक) सब्सिडी को सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजने पर विचार करने की बात कही, ताकि वास्तविक अन्नदाता को इसका सीधा फायदा मिल सके।

### एमएसपी खरीद और सस्ता ऋण

किसानों को फसल का तुरंत दाम दिलाने के उद्देश्य से श्री चौहान ने सुझाव दिया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की प्रक्रिया मौजूदा तीन महीने के बजाय अधिकतम एक महीने के भीतर पूरी होनी चाहिए। वहीं, लगभग 75 प्रतिशत छोटे किसानों को मिलने वाले 4 प्रतिशत ब्याज दर वाले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋणों के वितरण में जीरो देरी सुनिश्चित करने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थाओं की जवाबदेही तय की जाएगी। कृषि इनपुट की गुणवत्ता सुधारने के लिए पेस्टिसाइड लाइसेंसिंग प्रक्रिया को सरल, समयबद्ध और पारदर्शी बनाया जाएगा, जिससे ईमानदार कंपनियों को सहूलियत मिले और नकली उत्पादों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# एनसीईआरटी किताब विवाद : न्यायपालिका में भ्रष्टाचार वाला हिस्सा हटाएगी सरकार



सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद फैसला

नई दिल्ली। एनसीईआरटी की कक्षा आठ की एक किताब में न्यायपालिका से जुड़ी विवादित सामग्री पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गंभीर आपत्ति जताई थी। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि एनसीईआरटी की कक्षा आठ की किताब में न्यायिक भ्रष्टाचार से संबंधित विवादास्पद अंशों को हटाया जा सकता है, क्योंकि सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। परिषद ने पुस्तक को अपनी वेबसाइट से हटा दिया है।

इस बीच बताया जा रहा है कि एनसीईआरटी ने अध्याय से जुड़े विषय विशेषज्ञों और इसे मंजूरी देने वाले अधिकारियों की सिफारिशों की समीक्षा करने के लिए एक आंतरिक बैठक बुलाई है। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक एनसीईआरटी के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सकलानी ने इस मुद्दे पर फोन और संदेशों का जवाब नहीं दिया। परिषद के एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने यह कहते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है।

### एनसीईआरटी विवाद पर क्या बोली सरकार?

सरकारी सूत्रों ने कहा कि एनसीईआरटी एक स्वायत्त संस्था है, लेकिन अध्याय जोड़ने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को सोच-समझकर निर्णय लेना चाहिए था। उन्होंने कहा कि यदि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# एसआईआर: वोटर लिस्ट विवाद में पश्चिम बंगाल की मदद करेंगे ओडिशा व झारखंड के न्यायिक अधिकारी

अनुगुल। पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए उच्चतम न्यायालय ने निर्णय लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट को निर्देश दिया है कि लाखों की संख्या में प्राप्त दावों और आपत्तियों के निपटारे के लिए ओडिशा और झारखंड से अतिरिक्त न्यायिक अधिकारियों की तैनाती की जाए।



सुप्रीम कोर्ट ने दी मंजूरी

### 80 लाख से अधिक दावों का अंबार

सुनवाई के दौरान अदालत को अवगत कराया गया कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची पुनरीक्षण के तहत 80 लाख से अधिक दावे और आपत्तियां प्राप्त हुई हैं। वर्तमान में लगभग 250 जिला न्यायाधीश इस कार्य में जुटे हैं, लेकिन इस विशाल संख्या को देखते हुए प्रक्रिया पूरी करने में कम से कम 80 दिन का समय लग सकता है।

समयसीमा की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने अतिरिक्त न्यायिक बल की आवश्यकता पर मुहर लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आवश्यकता पड़ने पर सिविल न्यायाधीशों के साथ-साथ ओडिशा और झारखंड के कार्यरत अथवा सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया जा सकता है।

### 28 फरवरी 2026 तक अंतिम सूची

अदालत ने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 28 फरवरी 2026 की समयसीमा को बरकरार रखा है। यदि इस तिथि तक कुछ मामलों का निस्तारण शेष रह जाता है, तो उन्हें पूरक मतदाता सूची के माध्यम से अंतिम सूची का हिस्सा माना जाएगा।

# अनिल अंबानी पर ईडी की बड़ी कार्रवाई! मुंबई स्थित 3716 करोड़ का घर अस्थायी रूप से किया अटैच

मुंबई। रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी के लिए मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को एक बेहद चौंकाने वाली कार्रवाई करते हुए अंबानी के मुंबई स्थित आलीशान घर अबोड को अस्थायी रूप से अटैच किया है। मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ चल रही इस बड़ी जांच के तहत अब अंबानी का यह सपनों का महल कानूनी शिकंजे में आ गया है।





### 3,716 करोड़ का अबोड

अनिल अंबानी का यह बंगला मुंबई के सबसे पॉश इलाके पाली हिल में स्थित है और इसकी गिनती भारत के सबसे महंगे घरों में होती है। यह इमारत 66 मीटर ऊंची है और इसमें कुल 17 मंजिलें हैं। सरकारी सूत्रों के अनुसार, अस्थायी रूप से अटैच की गई इस संपत्ति की कुल वैल्यू 3716.83 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह बंगला मुंबई के हाई-प्रोफाइल पाली हिल क्षेत्र में अपनी भव्यता के लिए जाना जाता है।

### क्या है पूरा मामला?

यह पूरी कार्रवाई रिलायंस कम्युनिकेशंस द्वारा किए गए कथित बैंक धोखाधड़ी मामले से जुड़ी हुई है। ईडी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत एक अस्थायी आदेश जारी कर इस मल्टी-स्टोरी बिल्डिंग को अटैच किया है। एजेंसी का आरोप है कि कंपनी के जरिए बैंकों के साथ धोखाधड़ी की गई और उस पैसे का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग के लिए हुआ। इस ताजा आदेश के बाद, इस मामले में अब तक कुर्क की गई कुल संपत्तियों की कीमत लगभग 15,700 करोड़ तक पहुंच गई है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### जनता को भरमाने वाला है साय सरकार का बजट - भागवत साहू



राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के पूर्व जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का बजट पूरी तरह से जनता को भरमाने वाला है। श्री साहू ने आरोप लगाया कि सरकार बजट में बड़ी-बड़ी घोषणाएं करती है और भारी-भरकम राशि स्वीकृत करती है, लेकिन धरातल पर उसे खर्च करने में कंजूसी बरती जाती है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समय पर और सही तरीके से राशि का उपयोग नहीं किया जा रहा है, जो प्रदेश के विकास के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि महीनों पहले स्वीकृत विकास कार्य या तो शुरू ही नहीं हो पाए हैं या फिर बहुत धीमी गति से चल रहे हैं। इससे जनता की बुनियादी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। श्री साहू ने दावा किया कि भाजपा सरकार का यह बजट प्रदेश की विकास गति को तेज करने में पूरी तरह असफल रहेगा। उन्होंने कहा कि बजट में आम जनता, किसान, मजदूर और युवाओं के हितों की अनदेखी की गई है। श्री साहू ने सवाल उठाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का क्या हुआ मोदी की गारंटी के नाम पर जनता को भ्रमित कर चुनाव जीतने वाली भाजपा अब बजट के जरिए प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट में ठोस प्रावधानों के बजाय केवल दिखावटी घोषणाएं की गई हैं।

### विकास, अधोसंरचना व सुशासन को नई मजबूती देता बजट - जैनम बैद



राजनांदगांव (दावा)। साय सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट का स्वागत करते हुए भाजपा पार्षद जैनम बैद ने इसे विकासोन्मुखी और दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि बजट में गुड गवर्नेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी पर दिया गया। विशेष फोकस प्रदेश तथा नगरीय निकायों के लिए सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगा। लोक निर्माण विभाग के लिए 9,451 करोड़ रुपए और जल जीवन मिशन हेतु 3,000 करोड़ रुपए का प्रावधान, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार व गुणवत्ता सुधार की दिशा में बड़ा कदम है। बैद ने कहा कि मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रावधान नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में सड़क, स्वच्छता व नागरिक सेवाओं को सुदृढ़ करेगा। जिससे शहरी जीवन स्तर में प्रत्यक्ष सुधार होगा। पार्षद बैद के अनुसार बजट की 'संकल्प' अवधारणा समावेशी विकास, निवेश और कुशल मानव संसाधन को नई गति देगी। सड़कों के जाल और सुव्यवस्थित शहरी नियोजन से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने इस जनहितैषी बजट के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व वित्तमंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### आज राधा नाम संकीर्तन मंडल का भजन श्री सत्यनारायण मंदिर में



राजनांदगांव (दावा)। पंचम मूल जगतगुरु कृपालु महाराज के परम भक्त दिनेश अग्रवाल (बजीना वाले) एवं मित्रों द्वारा श्रीराधा नाम संकीर्तन मंडल का गठन कर विभिन्न मंदिरों एवं आवासों में भजन संध्या आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में 26 फरवरी को शाम 6 बजे से श्री सत्यनारायण मंदिर में श्रीराधा नाम संकीर्तन किया जाएगा। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति ने श्रद्धालु मक्त माता, बहनों एवं बंधुओं से आग्रह किया है कि इस सत्संग में उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

### खाद्य पदार्थ पैक्ड टाटा संपन्न फाईन बेसन के विक्रय जिले में प्रतिसिद्ध

राजनांदगांव (दावा)। खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए टाटा कन्ज्यूमर प्रोडक्ट लिमिटेड बिशप लेफराय रोड कोलकाता पश्चिम बंगाल के खाद्य पदार्थ पैक्ड टाटा संपन्न फाईन बेसन के विक्रय को राजनांदगांव जिले के संपूर्ण क्षेत्रों में प्रतिषिद्ध किया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला महासमुंद द्वारा निर्माता फर्म टाटा कन्ज्यूमर प्रोडक्ट लिमिटेड बिशप की खाद्य नमूना गुणवत्ता की जांच हेतु संकलित किया गया था। कैली लैब प्राईवेट लिमिटेड भोपाल मध्यप्रदेश के जांच प्रतिवेदन में खाद्य पदार्थ पैक्ड टाटा संपन्न फाईन बेसन को असुरक्षित पाया गया।

### सोनू देशमुख का निधन



राजनांदगांव (दावा)। इस्कान विहार कालोनी निवासी गोवर्धन देशमुख एवं श्रीमती तेजमाला देशमुख के मझले सुपुत्र सोनू देशमुख का कल आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कर रेवाडीह शमशानघाट पर सम्पन्न हुआ।







# साय सरकार का 'संकल्प' बजट : कांग्रेस-भाजपा का मिली जुली प्रतिक्रिया

**प्रदेश में विष्णु देव साय सरकार के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने आज 1 लाख 72 हजार करोड़ की आम बजट पेश किया गया। उक्त बजट को सत्ता दल पार्टी द्वारा गरीब, किसान, मजदूर व उद्योग व्यापार हितैषी प्रदेश के विकास को बूम की गति देने वाला बताया। वहीं विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने इसे अदूरदर्शी व विकास के क्षेत्र में पिछड़ने वाला बजट बताया जा रहा है।**

### बढ़ता बजट, बढ़ता कर्ज पर राजनांदगांव, किसान और युवा क्यों उपेक्षित?— विपिन यादव



राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट आकार और घोषणाओं में भले बड़ा दिखाई दे, लेकिन आम जनता की वास्तविक समस्याओं के समाधान में कमजोर साबित होता है। महंगाई, बेरोजगारी और आय असुरक्षा से जूझ रहे नागरिकों के लिए ठोस दिशा का अभाव साफ दिखाई देता है। लगभग 3 प्रतिशत के आसपास अनुमानित राजकोषीय घाटा और लगातार बढ़ता कर्ज आने वाले वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था पर ब्याज का अतिरिक्त बोझ डालेगा। आय-व्यय संतुलन और वित्तीय अनुशासन की स्पष्ट रूपरेखा के बिना यह प्रवृत्ति चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के दावों के बावजूद इस बजट में उत्पादन लागत घटाने, लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने, सिंचाई विस्तार और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने जैसे ठोस एवं दीर्घकालिक कदमों का स्पष्ट खाका नहीं है। कृषि प्रधान राज्य में यदि किसान की आय में वास्तविक वृद्धि नहीं होगी, तो विकास के दावे खोखले सिद्ध होंगे। मध्यम वर्ग और युवा, जो राज्य की आर्थिक संरचना की आधारशिला हैं, उनके लिए भी बजट में स्पष्ट दिशा का अभाव है। बढ़ती महंगाई और शिक्षा-स्वास्थ्य खर्च से जूझ रहे मध्यम वर्ग के लिए राहत का कोई ठोस रोडमैप नहीं दिखता। वहीं युवाओं के लिए कितनी नई सरकारी नौकरियां सृजित होंगी, किस विभाग में कितने पद भरे जाएंगे और किस निश्चित समयसीमा में भर्ती प्रक्रिया पूरी होगी – इसका उल्लेख तक नहीं है। केवल घोषणाओं से रोजगार नहीं मिलता; पद सृजन और पारदर्शी भर्ती का ठोस कैलेंडर आवश्यक है। विपिन यादव ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में मेडिकल कॉलेजों की व्यवस्थाओं के सुधार, पर्याप्त स्टॉफ और उपकरणों के लिए कोई बड़ा प्रावधान स्पष्ट नहीं है। साथ ही राजनांदगांव जिले को भी इस बजट में अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिली। अम्बेडकर चौक से नवागांव 4 किमी सड़क हेतु मात्र 20 लाख रुपये तथा मेडिकल कॉलेज से सुकुलदैहान 3.60 किमी सड़क व पुल-पुलिया निर्माण के लिए केवल 48 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है, जो गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए अपर्याप्त है।

### 1.72 लाख करोड़ का विकास संकल्प बजट उद्योगों को नई रफ्तार, 23 नए औद्योगिक पार्कों का ऐलान - आलोक बिंदल



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा 24 फरवरी को विधानसभा में प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का 1.72 लाख करोड़ रुपये का बजट प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इस बजट में उद्योग, कृषि, आधारभूत संरचना और क्षेत्रीय संतुलन पर विशेष फोकस किया गया है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट सभी वर्गों और सभी क्षेत्रों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। जिससे प्रदेश के सर्वांगीण विकास को नई गति मिलेगी। वर्ष 2026-27 के बजट में उद्योग क्षेत्र के लिए प्रावधान को तीन गुना बढ़ाकर 775 करोड़ रुपये कर दिया गया है। यह वृद्धि राज्य में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन देने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में अहम मानी जा रही है। बजट की प्रमुख घोषणाओं में प्रदेश में 23 नए औद्योगिक पार्क स्थापित किए जाएंगे। उद्योगों को अनुदान के लिए 750 करोड़ रुपये का प्रावधान। बस्तर और रायपुर-राजनांदगांव क्षेत्र में आधुनिक इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स का निर्माण। इन प्रावधानों से न केवल बड़े उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। बल्कि लघु और मध्यम उद्योगों को भी मजबूती मिलेगी। आलोक बिंदल ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार और राज्य में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चल रही सरकार मिलकर छत्तीसगढ़ को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह बजट प्रदेश को विकास की नई दिशा देने के साथ छत्तीसगढ़ को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में खड़ा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### संकल्प के बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र को ऐतिहासिक बढ़ावा - मोहम्मद इरफान शेख



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि इस बार का बजट स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त, सुलभ और सर्वसुलभ बनाने की दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी कदम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने आम जनता के हितों को सर्वोपरि रखते हुए स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े और ठोस प्रावधान किए हैं। श्री शेख ने बताया कि बजट में गरीब और जरूरतमंद परिवारों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के लिए 1,500 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जो प्रदेश के लाखों परिवारों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए 2,000 करोड़ की राशि निर्धारित की गई है। जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत किया जा सकेगा।

### छत्तीसगढ़ के बजट में प्रदेश की समृद्धि का संकल्प - भावेश बैद



राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा कोषाध्यक्ष भावेश बैद ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट को प्रदेश की समृद्धि का संकल्प बताया है। श्री बैद ने कहा कि बजट में युवाओं के कौशल विकास, स्वरोजगार और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के उन्नयन पर जोर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री और ट्रेड सेक्टर के लिए 750 करोड़ रुपये के इंतजाम से राज्य में इंडस्ट्रियल एक्टिविटी में तेजी आएगी। इससे नए इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा मिलेगा, बिजनेस का माहौल मजबूत होगा और राज्य की इकॉनमी में नई एनर्जी आएगी।वहीं अटल निर्माण वर्ष के तहत बुनियादी ढांचे में निवेश से रोजगार के नए अवसर सृजित करना सरकार का सराहनीय प्रयास है। इसी तरह बजट में रानी दुर्गावती योजना के तहत 18 साल की उम्र की बेटियों को 1.5 लाख देने की घोषणा को भाजपा कोषाध्यक्ष ने अच्छी पहल बताया। उनका कहना है कि इससे बेटियों की पढ़ाई, स्किल डेवलपमेंट और आत्मनिर्भरता मजबूत होगी। महतारी वंदन योजना के सफल क्रियान्वयन के साथ-साथ महिलाओं के स्वरोजगार और लखपति दीदी योजना को नई गति देना महिला सशक्तिकरण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। श्री बैद ने कहा कि यह बजट सोशल सिक्योरिटी और इकॉनमिक डेवलपमेंट के संकल्प पर आधारित है। बजट में राजनांदगांव को मिली करोड़ो की सौगातों के लिए श्री बैद ने साय सरकार के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ को पर्यटन कॉरिडोर में शामिल करना जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। इसी तरह फिजियोथेरेपी कॉलेज, औद्योगिक विकास, सड़कों के निर्माण के लिए बजट में बड़े प्रावधान किए गए हैं, जो जिले के विकास को तीव्र गति प्रदान करने की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा।

### राजनांदगांव को बजट में फिर किया गया नजरअंदाज - राजेश कुमार चंपू



राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ की छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश कुमार चंपू ने कहा कि इस बार भी राजनांदगांव जिले को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने बड़े-बड़े दावे किए, लेकिन राजनांदगांव के लिए कोई ठोस नई सौगात या विकास परियोजना की घोषणा नहीं की गई। जिले की जनता लंबे समय से संभागीय मुख्यालय, रोजगार सृजन, उद्योगों को प्रोत्साहन, व्यापारियों के लिए राहत पैकेज तथा शहर के अधूरे विकास कार्यों को पूरा करने की मांग कर रही है, परंतु बजट में इन मुद्दों पर कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं दिखा। चंपू ने कहा कि फ्लाईओवर निर्माण के बाद शहर का व्यापार प्रभावित हुआ है, छोटे व्यापारियों को राहत की जरूरत है, लेकिन बजट में उनके लिए कोई विशेष योजना नहीं लाई गई। साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर और बेरोजगारी भत्ता योजना को पुनः प्रारंभ करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी ठोस घोषणा नहीं हुई।

उन्होंने कहा कि राजनांदगांव संस्कारधानी की पहचान रखने वाला ऐतिहासिक एवं औद्योगिक जिला है, फिर भी बजट में उपेक्षा किया जाना यहां की जनता के साथ अन्याय है। अंत में उन्होंने मांग की कि सरकार पूरक बजट में राजनांदगांव जिले के लिए विशेष पैकेज और विकास योजनाओं की घोषणा करे, ताकि जिले के विकास को गति मिल सके।

### 'संकल्प' थीम पर आधारित बजट विकास की नई इबारत लिखेगा - देवकुमारी साहू



राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है। 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपये के इस व्यापक और जनहितकारी बजट की सराहना करते हुए जिला पंचायत सभापति श्रीमती देवकुमारी साहू ने इसे भाजपा सरकार की मजबूत नीयत और दूरदृष्टि का परिचायक बताया है। श्रीमती साहू ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि 'संकल्प' थीम पर आधारित यह वित्तीय दस्तावेज स्पष्ट करता है कि भाजपा सरकार केवल कागजों पर नीतियां नहीं बनाती, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारकर परिणाम देने की क्षमता रखती है। उन्होंने इसे किसानों, महिलाओं, युवाओं और ग्रामीण गरीबों को सशक्त बनाने वाला बजट करार दिया। श्रीमती देवकुमारी साहू ने विशेष रूप से महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए किए गए 10,857 करोड़ रुपये के प्रावधान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। वहीं, किसानों के लिए 10,000 करोड़ की कृषक उन्नति योजना और बिजली सब्सिडी के बड़े प्रावधान को किसानों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने वाला वास्तविक प्रयास बताया। यह बजट सिर्फ एक वर्ष का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि आने वाले वर्षों के समृद्ध छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव है।

### साय सरकार का बजट पूरी तरह निराशाजनक - मदन साहू



डोंगरगांव (दावा)। जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू ने प्रदेश सरकार के बजट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे बेहद निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट आम जनता, किसानों और युवाओं की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता। श्री साहू ने आरोप लगाया कि पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार का आर्थिक प्रबंधन कमजोर रहा है। जिसके चलते छत्तीसगढ़ कर्ज के बोझ से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने चुनाव के दौरान कई बड़ी गारंटियां दी थी, लेकिन उनमें से एक भी गारंटी पूरी नहीं की गई है। श्री साहू ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं और किसान आर्थिक रूप से समृद्ध नहीं हो सके हैं। कृषि क्षेत्र में ठोस योजनाओं का अभाव साफ नजर आता है। उन्होंने आरोप लगाया कि महतारी वंदना योजना का लाभ पात्र महिलाओं तक नहीं पहुंच पा रहा है। वहीं विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ भी समय पर नहीं मिल रहा है। जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। मदन साहू ने कहा कि पिछले दो वर्षों में प्रदेश की स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था कमजोर हुई है। साथ ही कानून व्यवस्था की स्थिति भी चरमरा गई है। जिससे आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने सरकार से बजट में ठोस सुधारात्मक कदम उठाने और जनता से किए गए वादों को जल्द पूरा करने की मांग की है। कुल मिलाकर किसान कांग्रेस ने इस बजट को जनता की उम्मीदों के विपरीत और विकास की दिशा में कमजोर कदम बताया है।

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने अधिकारियों को दिए स्पष्ट निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत की साधारण सभा की महत्वपूर्ण बैठक आज राजनांदगांव में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले के समग्र विकास, विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति, लंबित कार्यों की स्थिति तथा जनसमस्याओं के निराकरण पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।बैठक की शुरुआत पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा से हुई। अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व में लिए गए निर्णयों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित मामलों का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। इसके पश्चात ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा संचालित निर्माण कार्यों, अधोसंरचना विकास, सड़क एवं भवन निर्माण, पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यों की स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की गई। अध्यक्ष ने कार्यों की गुणवत्ता एवं समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। वन विभाग के अंतर्गत वृक्षारोपण, वन संरक्षण, सामुदायिक सहभागिता एवं ग्रामीण आजीविका



जिला पंचायत साधारण सभा बैठक में विकास कार्यों की गहन समीक्षा, जनहित योजनाओं को गति देने पर जोर

से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। वहीं जल संसाधन विभाग द्वारा सिंचाई योजनाओं, जल संरक्षण संरचनाओं एवं जल प्रबंधन से जुड़े कार्यों की प्रगति पर चर्चा हुई। किसानों को सिंचाई सुविधा बेहतर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।खनिज विभाग से संबंधित गतिविधियों, राजस्व प्राप्ति, खनन नियमों के पालन तथा क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान पर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि नियमों का कड़ाई से पालन करते हुए राजस्व वृद्धि एवं जनहित दोनों को प्राथमिकता दी जाए।बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं जैसे पोषण अभियान, आंगनबाड़ी सेवाएं, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा कुपोषण मुक्ति के लिए प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार खाद्य विभाग के अंतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली की स्थिति, पात्र हितग्राहियों को समय पर राशन वितरण, पारदर्शिता एवं शिकायतों के निराकरण पर विशेष चर्चा हुई। अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी पात्र हितग्राही को योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए। बैठक के दौरान जिला पंचायत सभापति व जनपद अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि द्वारा ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया, जिनमें सड़क, भवन, पेयजल, सिंचाई, सामाजिक योजनाओं का लाभ एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दे शामिल रहे। अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

### शुभांक

बी. के
3-5-9
अनुमानित
250-7   489-1
राजधानी
2-5-7
266-4   170-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव

छ.ग. गृह निर्माण मंडल के आवासीय भूखण्ड/आवासीय भवनों को फ्री होल्ड के रूप में परिवर्तन करने के संबंध में छ.ग. शासन एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेश दिनांक एफ -01-100/2009/32 रायपुर दिनांक 30.12.2011 समसंख्यक आदेश दिनांक 13.03.2012 व पत्र क्रमांक एफ 3-4/2020/32 दिनांक 31.12.2020 के परिपालन में सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मण्डल के निम्न हितग्राही के द्वारा जिनके नाम व कॉलोनी का नाम एवं आवासीय भूखण्ड/भवन/दुकान क्रमांक छ.ग. गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, को फ्री होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर यदि कोई आपत्ति हो तो दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अविध के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

मण्डल द्वारा निर्मित कॉलोनी दीनदयाल आवास योजना कौरिनभांठा राजनांदगांव में आबंटी के नाम श्रीमती द्रोपत पति श्री राधेश्याम गुप्ता एवं श्री राधेश्याम गुप्ता पिता श्री विश्वनाथ गुप्ता भवन क्रमांक एल.आई.जी.-520 (प्रथम तल) कौरिनभांठा, राजनांदगांव (छ.ग.)।

VINOD KUMAR GAHARWAR
संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव

### ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक **चोवाराम पिता-सत्तेसिंग ठावरे** जाति-महार निवासी मकान नं. 128 वार्ड नं. 08 मांझीटोला तह. अं.चौकी, जिला-मोहला-मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.) पिन कोड 491668 का निवासी हूं। मेरे पुत्री के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है। जिसमें नाम के स्थान **NIKIT** अंकित है। उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे पुत्री के नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर **NIKITA** अंकित है। उक्त नाम सही है, इसलिये आधार कार्ड में **NIKIT** अंकित है, उसे सुधार करवाकर **NIKITA** अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय /अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत है,जो जरूरत वक्त पर काम आवे।
स्थान - अं.चौकी
दिनांक - 20/02/2026

आवेदक
**चोवाराम**
निवासी-ग्राम मांझीटोला
तह. अं.चौकी, जिला मो.मा.अं.चौकी

### ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक- **दीनदयाल निषाद पिता-द्वारका निषाद** जाति-केंवट निवासी वार्ड नं. 09 कोरचाटोला, तह. अं. चौकी, जिला-मोहला-मानपुर अं.चौकी (छ.ग.) पिन नं. 491668 का निवासी हूं। मेरे पुत्री के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है, जिसमें नाम के स्थान **प्रिती निषाद** अंकित है। उक्त नाम गलत हैं, परन्तु मेरे पुत्री के नाम से जारी जन्म प्रमाण व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर **डिम्पल** अंकित है। उक्त नाम सही है, इसलिये आधार कार्ड में **प्रिती निषाद** अंकित है, उसे सुधार करवाकर **डिम्पल** अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय /अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत है जो जरूरत वक्त पर काम आवे।
स्थान-अं.चौकी, दिनांक-24/02/2026

आवेदक
**दीनदयाल निषाद**
निवासी-ग्राम कोरचाटोला
तह. अं.चौकी, जिला-मो. मा.,अं.चौकी

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं निशा करमरकर पति श्री विलासकुमार करमरकर निवासी- म.नं. 21, कंचन बाग, वार्ड नं. 29, शांति विजय कॉलोनी, शहर तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की निवासी हूं। यह शपथ करती हूं कि मेरी पुत्री का पुराना नाम जो आधार कार्ड में अंगूरी कर्मरकर को बदलकर नया नाम अंगूरी विलास कुमार करमरकर रख ली हूँ। अतः आज से मेरी पुत्री के समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में उनके नये नाम अंगूरी विलास कुमार करमरकर के नाम से जाना व पहचाना जावें। उक्त नाम परिवर्तन की सूचना छत्तीसगढ़ के राजपत्र में प्रकाशन करने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है। सूचना जाने।

शपथकर्ता
**निशा करमरकर**
पति श्री विलास कुमार करमरकर
निवासी- म.नं. 21, कंचन बाग,
वार्ड नं. 29, शांति विजय कॉलोनी,
तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

### न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)

**धारा 6 (2) देखिये**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है, कि आवेदक शशांक मेश्राम आत्मज श्री राजकुमार मेश्राम 23 वर्ष, निवासी- म.नं. 308, वार्ड नं. 13, मनकी थाना सोमनी, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. प्राची अइमला पिता श्री नारायण सिंह अइमला, आयु-22 वर्ष, निवासी ग्राम कुआंगांव, तहसील डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.) (पक्षकारों के नाम) से विशेष विवाह अधिनियम 1954 (क्रमांक 4 सन् 1954) के अध्याय दो के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र पेश किया गया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी तारीख 20/03/2026 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

जारी दिनांकः- 17/02/2026
पेशी तारीखः- 20/03/2026

अपर कलेक्टर
एवं जिला विवाह अधिकारी
राजनांदगांव (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

प्र.क्र. 202602091000022 अ-2 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम अर्जुनी, प.ह.नं. 32. रा.नि.मंडल अर्जुनी, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है, कि आवेदक राजकुमार जैन आ. हनुतमल जैन, निवासी वार्ड नं. 05 सदर लाईन डोंगरगांव, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम अर्जुनी, प.ह.न. 32, तहसील डोंगरगांव स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 333/3 रकबा 0.053 हेक्टेयर को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के अंतर्गत भूमि व्यपवर्तन की अनुज्ञा प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 05/03/2026 को नियत है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को जो हित रखते हो, दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 05/03/2026 को स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक- 17/02/2026
सुनवाई दिनांक 05/03/2026

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

# शहर की ऐतिहासिक धरोहर रानीसागर तालाब की दीवारें हुई जर्जर

राजनांदगांव (दावा)। शहर की रियासत कालीन एतिहासिक तालाब रानी सागर की दीवारे जर्जर होने के कारण टूट-फूट रही है। कुछ दीवारें तो इतनी पुरानी और जर्जर हो चुकी है कि वह भरभरा कर तालाब में ही समा रही है। इस ऐतिहासिक धरोहर का देखरेख के अभाव में दीवार में लगी लोहे की रेलिंग को चोर चोरी करके ले जा रहे है। बगैर रेलिंग के तालाब वाला हिस्सा पूरी तरह असुरक्षित हो गया है। वहीं इस ऐतिहासिक तालाब की दीवारें टूटने से इसकी सुंदरता प्रभावित हो रही है।

बता दें कि असामाजिक तत्व चौपाटी वाले हिस्से के दीवार में लगी लोहे के रेलिंग उखाड़ कर ले गए हैं। इससे बाइक चालकों के जरा सी भी असंतुलन खोने पर रानी सागर में जा समाने का खतरा बना हुआ है। इस हिस्से से स्कूली बच्चों का आना जाना बना रहता है। वहीं सुबह -शाम तफरीह के लिए भी लोग आते -जाते रहते हैं।आसपास के स्कूल - कालेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का भी बाईक में आवा-जाही बना रहता है। जिससे किसी भी क्षण हादसा होने का खतरा बना हुआ है।



**o धराशायी हो रही दीवारें, लोहे की रेलिंग हो रही चोरियां**

**रानी सागर में समा रहा जर्जर दीवारें**

बता दें कि शहर की ऐतिहासिक धरोहर रानी सागर की सुंदरता में वृद्धि करने व कला/ साहित्य की गतिविधियों के लिए इसके तट पर त्रिवेणी परिसर व सृजन संवाद बनाया गया है। मुक्तिबोध स्मारक भी बना हुआ है

जहां कला,साहित्य रंग कर्म से जुड़े मनीषियों व सुधि जनो का समय - समय पर आना-जाना बना रहता है। कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। पर सृजन संवाद क्षेत्र की ओर की दीवारो का भग्नावशेष देख कर बड़ी कोफ्त होती है। राजा के जमाने के नहाने के लिए सुरंग नुमा घाट काफी पुराने व जर्जर होने की वजह से रानी सागर? में ही समाने लगे हैं इससे इस ऐतिहासिक धरोहर का अस्तित्व खतरे में नजर आ रहा है। तालाब में कूड़े- कचरे भी फेंके जाने से दुर्गंध उठने लगी है। नगर निगम द्वारा सरोवर धरोहर के नाम से करोड़ों खर्च कर दिए गए लेकिन इसकी सुंदरता बढ़ने के बजाय घटने लगी है। देख-रेख की अभाव में इस ऐतिहासिक धरोहर की सुंदरता पर ग्रहण लग गया है जिस ओर इसके संरक्षण कर्ता व सरोवर धरोहर प्रेमियों का ध्यान जाना अति आवश्यक है।

जानने में आ रहा है बजट में कि रानी सागर बूढ़ा सागर के पुनर्विकास के लिए 35 करोड़ रुपए मिले हे। क्या उन रुपयों से जर्जर हो रही इस ऐतिहासिक धरोहर की रक्षा हो सकेगी, टूटी-फूटी दीवारे को ठीक किया जा सकेगा, गुज़रात के की तरह सौंदर्यीकरण हो सकेगा?

# दिग्विजय महाविद्यालय के गौरव बने उज्ज्वल कसेर, पत्रकारिता परीक्षा में हासिल किया प्रथम स्थान



राजनांदगांव (दावा)। जिले में पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने एक बार फिर जिले में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। हाल ही में घोषित तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में विभाग के छात्र उज्ज्वल कसेर ने जिले भर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 85 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि दिग्विजय महाविद्यालय जिले का एकमात्र ऐसा संस्थान है जहाँ पत्रकारिता का पाठ्यक्रम संचालित होता है और यहां के विद्यार्थियों ने सदैव शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है।

उज्ज्वल की इस सफलता के साथ ही उर्वशी साहू (83 प्रतिशत) और काजल चंद्राकर (82 प्रतिशत) ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर विभाग की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयां दी है। अपनी इस विशिष्ट उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल कसेर ने विभाग की अध्यक्ष डॉ. बीएन जागृत व प्राध्यापकों– अमितेश सोनकर, रेशमी साहू और विभा सिंह के प्रति हृदय से आभार प्रकट किया और अपनी सफलता का पूरा श्रेय उनके कुशल मार्गदर्शन व प्रेरणादायी शिक्षण को दिया।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने कसी कमर: राजनांदगांव जिले के मंडल अध्यक्षों व महामंत्रियों की घोषणा

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के सहमति से भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मखमुर इकबाल खान के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा से अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष हैरी जोसेफ ने मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री की घोषणा की।

जिसमें राज. उत्तर मंडल अध्यक्ष अफसर खान, राज. दक्षिण मंडल अध्यक्ष नदीम बड़गुजर, राज. ग्रामीण पूर्व मंडल अध्यक्ष पप्पू जैन, डोंगरगढ़ मंडल अध्यक्ष गुरूविंद सिंह भाटिया, डोंगरगांव मंडल अध्यक्ष विनय जैन एवं महामंत्री हातिम शैफी, दिलवार मेमन, लाल बहादुर नगर मंडल अध्यक्ष इंदरपाल सिंह भाटिया, तुमड़ीबोड़ मंडल अध्यक्ष धरम जैन एवं महामंत्री विनोद जैन, छुरिया मंडल अध्यक्ष आबीद मेमन, गैंदाटोला मंडल अध्यक्ष मोहम्मद वशीम कुरैशी एवं महामंत्री कशफ कुरैशी, शादाब कुरैशी की नियुक्ती पार्टी के प्रति निष्ठा एवं पार्टी के लिए कर्तव्य निभाने के कारण इन्हे यह जवाबदारी पार्टी के रिती निति सिद्धांतों को जमीनी स्तरं तक पहुंचाने के लिए दी गई है। इनको जवाबदारी देने के बाद निश्चित रूप से पार्टी और भी ऊचाईयों पर पहुंचेगी और जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा ने मंडल अध्यक्षो को निर्देशित किया है कि जल्द से जल्द अपने पदाधिकारीयों की सूची प्रदान करेगें।

# गंज मंडी डाकघर शाखा हटाने पर भड़का जनआक्रोश, कांग्रेस ने कहा किसानों-खाताधारकों के हितों पर सीधा प्रहार

**रद्द किया जाए स्थानांतरण, उपभोक्ताओं के हितों से खिलवाड़ न हो - मुदिलयार**



राजनांदगांव (दावा)। जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार की अगुवाई में कांग्रेस ने गंज मंडी स्थित गुरुघासीदास बाबा डाकघर शाखा के स्थानांतरण का विरोध दर्ज कराया है। मंगलवार को इस मामले को लेकर शहर कांग्रेस ने संभागीय डाकघर के प्रवर अधीक्षक का घेराव कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान डाकघर उपभोक्ता, अल्पबचत अभिकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। मुदलियार ने तत्काल इस शाखा का स्थानांतरण रद्द किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह किसानों के लिए बैंकिंग और बचत का महत्वपूर्ण केंद्र भी है जिसे बंद नहीं किया जाना चाहिए। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि हैरानी की बात है कि ट्रिपल इंजन की सरकार वाले स्थानीय विधायक डॉ रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे और महापौर मधुसूदन यादव भी हजारों उपभोक्ताओं से जुड़े हितों के लिए कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं। उनकी उदासीनता आमजनों के सरोकारों पर भारी पड़ रही है।

मुदलियार ने कहा कि यह शाखा 70 साल पुरानी है जिसमें 25 हजार से अधिक खाते संचालित होते है। जिसमें सैकड़ों आम नागरिकों व कृषकों के खाते भी संचालित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त नंदई, बसंतपुर तथा आसपास के इलाकों की बड़ी आबादी इस डाकघर के ही भरोसे है। इस शाखा को अन्यत्र जिले में स्थानांतरित किया जाना सीधे तौर पर इन खाताधारकों के हितों से खिलवाड़ होगा। यह निर्णय सैकड़ों लोगों को परेशानी में डालने की वजह बनेगा। इससे अल्प बचत अभिकर्ताओं के लिए भी आजीविका का संकट खड़ा हो जाएगा। वे वर्षो से इस शाखा से जुड़कर कार्य कर रहे हैं, जो कि एक झटके में बंद कर दिया जाएगा। मुदलियार ने कहा कि जिस क्षेत्र में डाकघर की यह शाखा संचालित है। वहां आसपास सार्वजनिक बैंकिंग व्यवस्था निम्न है। इसलिए भी यह डाकघर काफी महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने कहा कि आश्चर्य है कि जहां सार्वजनिक बैंकिंग प्रणाली और डाकघर को प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता है। वहां ऐसी शाखाओं को स्थानांतरित या बंद किये जाने के प्रयास किए जा रहा हैं। इस शाखा का स्थानांतरण तत्काल रद्द किया जाए। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव मेहुल मारु, पूर्व महापौर सुदेश देखमुख, पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश राठौर, रुपेश दुबे, दक्षिण ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडलेवाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष एनी माखीजा, एनएसयूआई अध्यक्ष अमर झा, कमलजीत सिंह पिंटू, अशोक पंजवानी, राकेश जोशी, मामराज अग्रवाल, प्रेमरूप चंदानी, शारदा तिवारी, हरिनारायण धकेता, इकरामुद्दीन सोलंकी, सूर्यकांत जैन, विनय झा, राजेश गुप्ता चंपू, प्रवीण मेश्राम, मनीष गौतम, राजेश सेवता, रुपेश साहू, प्रज्ञा गुप्ता, निशु गुप्ता, अभिमन्यू मिश्रा, संदीप सोनी, पिंकू खान, युवराज भारती, नरेश शर्मा, वीरेंद्र चंद्राकर, महेश यादव, रसीद ख़ान, शरद खंडेलवाल, अंकेश बाफना, मुकेश यादव, बबलू कसार, योगेश दास मानिकपुरी, शैलेष ठावरे, रज्जू जान, राकेश चंद्राकर, ललित मरकाम, आशीष साहू, शेष नाथ, बाबा राठौर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# होली के मद्देनजर शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर की जा रही सख्ती



**46 वाहन चालक पुलिस के हत्थे चढ़े, यातायात पुलिस की सख्त कार्रवाई वाहन चालकों में बना भय**

राजनांदगांव (दावा)। होली त्योहार के मद्देनजर यातायात पुलिस ने शराब पीकर बाईक चलाने वालों पर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ सख्ती बरतने व चालानी कार्रवाई करने से दूपहिया चारपहिया वाहन चालकों में भय का माहौल देखा जा रहा है।

यातायात प्रभारी नवरतन कश्यप ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में व उनके नेतृत्व में होली पर्व के मद्देनजर शहर में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सघन कार्रवाई की जा रही है।

श्री कश्यप ने बताया कि यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों एवं आउटर क्षेत्रों में चेकिंग प्वाइंट स्थापित कर ब्रेथ एनालाइज़र मशीन के माध्यम से वाहन चालकों की जांच की जा रही है। निर्धारित सीमा से अधिक अल्कोहल पाए जाने पर संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई एवं अन्य वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए जाने वाले चालकों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जाता है, जहां न्यायालय द्वारा न्यूनतम 10 हजार रु.या उससे अधिक जुर्माने से दंडित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष 2026 में अब तक शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 46 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा चुकी है। यातायात प्रभारी श्री कश्यप ने सभी वाहन चालकों से अपील किया है कि घर से निकलते समय अपने परिवार के बारे में विचार करें तथा शराब सेवन कर वाहन न चलाएं और सुरक्षित वापस घर जाए। त्यौहार के अवसर पर उल्लास एवं उत्साह के बीच किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोकना पुलिस की प्राथमिकता है। शराब का सेवन कर वाहन चलाने से चालक की निर्णय क्षमता एवं प्रतिक्रिया समय प्रभावित होता है, जिससे गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। यह लापरवाही न केवल चालक, बल्कि अन्य राहगीरों एवं वाहन चालकों के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न करती है। यातायात विभाग द्वारा समस्त नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील की गई है कि होली पर्व के दौरान एवं अन्य समय में भी शराब का सेवन कर वाहन न चलाएं। सुरक्षित परिवहन के विकल्प अपनाएं तथा यातायात नियमों का पूर्ण पालन करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# स्वस्थ जीवनशैली अभियान : अब आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में गूंजेगा योग: कर्मसु कौशलम, सुबह 7 बजे से विशेष सत्र

**30 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों को मधुमेह और बीपी जैसी बीमारियों से बचाने की पहल, कलेक्टर ने की शामिल होने की अपील**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में आयुष विभाग अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (आयुष) में स्वस्थ जीवनशैली अभियान के तहत प्रतिदिन सुबह 7 बजे से विशेष योग सत्रों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत सुरगी, बघेरा, सुकुलदैहान, मोहन्दी, पदुमतरा, भैंसातरा, मोहारा बोरतलाव, कनेरी, बेलरगोंदी, गैंदाटोला, महरूम, चिरचारीकला, सड़क चिरचारी में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) एवं आयुष योगा एण्ड वेलनेस सेंटर आयुष पॉलीक्लीनिक चिखली राजनांदगांव में विशेष योग सत्रों का आयोजन किया जाएगा।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा ने बताया कि स्वस्थ जीवनशैली अभियान के तहत 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को मधुमेह, उच्च रक्तचाप व गैरसंचारी रोगों से बचाव एवं नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। अभियान के तहत आयुष विभाग के प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा मंडूकासन, वृक्षासन, भुजंगासन एवं प्राणायाम सहित अन्य विशेष योगाभ्यास कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि दिनचर्या में अनियमित जीवनशैली से जनित रोगों की संख्या बढ़ गई है। इसके समाधान के लिए स्वस्थ जीवनशैली को अपना जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से गैर संचारी रोगों से बचाव एवं नियंत्रण तथा स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में विशेष योग सत्रों में शामिल होने की अपील की है।

# लोकतंत्र की आवाज़ दबाने पर उबाल : युवा कांग्रेस अध्यक्ष की गिरफ्तारी के विरोध में प्रधानमंत्री का पुतला दहन



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानू चिब एवं उनके साथियों को एआई समिट के दौरान शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराने पर गिरफ्तार किए जाने के विरोध में राजनांदगांव शहर जिला युवा कांग्रेस द्वारा कड़ा प्रतिरोध दर्ज किया गया। जिला शहर अध्यक्ष गुरभेज सिंह माखीजा के निर्देशानुसार में शहर उत्तर ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सोनी और दक्षिण ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष ऋषभ निर्मलकार के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा एवं प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस पवन तिवारी की विशेष उपस्थिति में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजनांदगांव स्थित दिग्विजय कॉलेज के सामने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर संदीप सोनी और ऋषभ निर्मलकार ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन केंद्र सरकार असहमति की हर आवाज़ को दमन और गिरफ्तारी के जरिए कुचलने का प्रयास कर रही है। एआई समिट जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रम में भी यदि युवाओं को अपनी बात रखने का अधिकार नहीं दिया जाएगा, तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है। अभिमन्यु उदय मिश्रा ने कहा कि युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी यह दर्शाती है कि केंद्र सरकार आलोचना से घबराई हुई है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं की आवाज़ को दबाने का हर प्रयास विफल होगा और कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस पवन तिवारी ने कहा कि जिस सरकार ने युवाओं को रोजगार, शिक्षा और पारदर्शिता का वादा किया था। वही सरकार आज युवाओं की आवाज दबाने में लगी है। यह लोकतंत्र नहीं, बल्कि भय का माहौल बनाने की राजनीति है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और चेतावनी दी कि यदि लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला जारी रहा तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ऋषि शास्त्री, शिवम गढ़पायले, राहुल गजभिए, मयंक मिश्रा, राजा यादव, मेहुल यादव, सत्यम रजक, कुशल रजक, टिकेश देसलहरे, उमेश साहू, दिवाकर श्रीवास्तव, निमेष देशलहरे, रोहित उत्फेल, शुभम बघेल आदि सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# जल कर का बकाया राशि, नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही जारी, आज 7 नल काटे



राजनांदगांव (दावा)। वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली में कडाई बरतते हुए प्रतिदिन कार्यवाही की जा रही है। साथ ही संपत्तिकर के बड़े बकायादारों को नोटिस जारी किया गया है और बकायादारो का नाम प्रकाशित किये जाने की तैयारी है। जल कर के बड़े बकायादारों का नल कनेक्शन काटा जा रहा है। आज की कार्यवाही में पुराना कमल टाकिज रोड एवं नंदई के घरों से 7 नल कलेक्शन काटा गया। वित्तीय वर्ष समाप्ति के अंतिम माह में शत-प्रतिशत राजस्व वसूली के लिए महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा राजस्व विभाग की प्रतिदिन मानिटरिंग कर घर घर जाकर कर वसूली करने दिश निर्देश दे रहे है तथा बड़े बकायादारों को अपने बकाया करों का भुगतान करने समझाईस दे रहे है। निर्देश पर राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी के नेतृत्व में निगम का अमला दुकानें सील करने एवं नल विच्छेदन की कार्यवाही कर रही है। आज बड़े बकायादारों के नल काटने की कड़ी में पुराना कमल टाकिज रोड के 6 एवं नंदई के 1 करदाता सहित कुल 7 करदाता जिन्होंने विगत 10 वर्षो से जलकर व संपत्तिकर का भुगतान नहीं किया था। उनका आज राजस्व अमला द्वारा नल कनेक्शन काटा गया।

आयुक्त ने बताया कि शासन लक्ष्य के विरूद्ध शत-प्रतिशत राजस्व वसूली किया जाना है। वसूली के लिए करदाताओं को करो का भुगतान करने अपील की जा रही है। बड़े बकायादारों को नोटिस दिया गया है, भुगतान नहीं करने की स्थिति में दुकाने सील करने तथा नल विच्छेदन की कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा बड़ बकायादारों का नाम प्रकाशन एवं कुर्की की भी तैयारी की जा रही है। उन्होंने करदाताओं से कहा कि अपने बकाया कर एवं किराये की राशि का भुगतान समय पर कर अधिभार एवं निगम की कार्यवाही से बचे।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (यूटीएस) के माध्यम से अनारक्षित / सामान्य टिकिटें जारी करने के लिए 'स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट' की नियुक्ति अधिसूचना**

**अधिसूचना क्रमांक:** जी27/एसटीबीए/विविध
दिनांक: 17.02.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), द.पू.म. रेलवे, नागपुर, द्वारा नागपुर मंडल के **अर्जुनी, बालाघाट, देवलगांव, दरेकसा, गुदमा, गंगाझरी, हिरड़ामाली, कटंगी, लामटा, मुंडिकोटा, मुसरा** एवं **राजोली** स्टेशन पर **कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली** (यूटीएस) के माध्यम से अनारक्षित / सामान्य टिकिटें जारी करने के लिए **'स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट'** प्रस्तावित न्यूनतम कमीशन के आधार पर चयन एवं नियुक्ति हेतु दिनांक **25.03.2026** तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित करते हैं।

**पात्रता / योग्यता :**

1. आवेदक 18 वर्ष से कम आयु का नहीं होना चाहिए।
2. आवेदक उस प्रखंड (ब्लॉक) / तहसील / मंडल का स्थाई निवासी होना चाहिए जहाँ पर वह स्टेशन है जिस के लिए वह आवेदन कर रहा है।
3. आवेदक कम से कम 10वी कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।
4. चयनित आवेदक को स्थानीय पोलिस स्टेशन से उस के विरुद्ध कोई अपराधिक मामले लंबित नहीं है, इस आशय का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना आवश्यक है।

**अर्जुनी, बालाघाट, देवलगांव, दरेकसा, गुदमा, गंगाझरी, हिरड़ामाली, कटंगी, लामटा, मुंडिकोटा, मुसरा** एवं **राजोली** स्टेशनों के लिए आवेदक को आवेदन के साथ रु. 2,000/- (रु. दो हजार केवल) की अग्रिम जमा राशि (EMD) संलग्न करना अनिवार्य है जो कि मंडल खजांची / दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे / नागपुर द्वारा जारी मनी रसीद अथवा डिमांड ड्राफ्ट जो FA & CAO / SEC RAILWAY के पक्ष में नागपुर (NAGPUR) में देय हो, जमा करना होगा। बिना अग्रिम जमा राशि (EMD) वाले आवेदन स्वीकार्य नहीं होगें।

शर्तें एवं निबंधन युक्त आवेदन प्रपत्र, मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर के कार्यालय से दिनांक **28.02.2026** से **25.03.2026** तक सुबह **10:30** बजे से दोपहर **03:00** बजे के भीतर किसी भी कार्यालयीन दिन में रु. **500/-** (रुपए पाँच सौ मात्र) का भुगतान कर के प्राप्त किया जा सकता है।

भरे हुये आवेदन पत्र समस्त संलग्नको सहित मुहरबंद लिफाफे में (जिस पर जिस स्टेशन हेतु आवेदन किया गया है तथा स्वयं का नाम पता व दुरभाष नंबर लिखा हो) मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) द.पू.म. रेलवे, नागपुर के कार्यालय में मुहरबंद डिब्बे में डाले जाएं।

**आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तारीख दिनांक 25.03.2026 है।**

**मुहरबंद डिब्बा दिनांक 25.03.2026 को 15:30 बजे खोला जाएगा।**

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य),**
**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
**भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से**

AIM/73-323

**स्वच्छ भारत अभियान**
एक कदम स्वच्छता की ओर

# खाटूवाले श्याम प्रभु के चार दिवसीय फागुन महोत्सव के द्वितीय दिवस भव्य भजन संध्या

राजनांदगांव (दावा)। खाटूवाले श्याम प्रभु के महत्वपूर्ण उत्सवों में फागुन महोत्सव का विशेष स्थान है। फागुन शुक्ल एकादशी को अतुलित बलशाली तीन बाणधारी युवक बर्बरीक ने महाभारत के युद्ध के समय भगवान श्रीकृष्ण को अपने शीश का दान देकर उनसे श्याम नाम प्राप्त किया था। श्याम प्रभु कलयुग में 'हारे के सहारे' के नाम से पूजे जाते है। राजस्थान के खाटुधाम में फागुन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ होने वाले उत्सव का मुख्य आकर्षण फागुन शुक्ल एकादशी तक भजन- कीर्तन तथा द्वादशी को श्री श्याम ज्योति अखंड पाठ एवं भंडारा प्रसादी के साथ पूर्ण होता है। इसी फागुन माह के शुक्ल पक्ष में देश के कोने-कोने में स्थापित श्याम मंदिरों एवम अन्य नगर-ग्रामों में निवासरत श्याम प्रेमी अपने शहर-नगर में भजन-सत्संग के माध्यम से फागुन महोत्सव का आयोजन करते है।

संस्कारधानी नगरी में श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा 30 वर्षो से श्री श्याम महोत्सव के अंतर्गत सुमधुर भजन-सत्संग के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पिछले 24 वर्षो से अनेक श्रद्धालु भक्त माता-बहन तथा बंधु निशान लेकर खाटू धाम यात्रा पर जा रहे है। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा इस वर्ष खाटू वाले श्याम प्रभु के फागुन महोत्सव पर चार दिवसीय भव्य कार्यक्रम किए जाने की व्यापक तैयारिया की गई है। समिति के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस वर्ष फागुन महोत्सव के अवसर पर राजस्थान के खाटू श्याम प्रभु नगरी में 25वीं निशान यात्रा 16 फरवरी को 124 श्रद्धालु माता-बहने एवम बंधु निशान लेकर खाटु श्याम को समर्पित करके वापस लौट आए है। संस्कारधानी नगरी में 31वां फागुन महोत्सव फागुन शुक्ल नवमी 25 फरवरी से फागुन शुक्ल द्वादशी 28 फरवरी तक चार दिवसीय आयोजन के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर दुग्धाभिषेक, निशान यात्रा, भव्य भजन संध्या के साथ ही श्री श्याम ज्योति अखण्ड पाठ एवम भंडारा प्रसादी आयोजित किया जा रहा है।



**0 सुप्रसिद्ध श्याम सेवक संजीव शर्मा की गूंजेगी सुमधुर वाणी**
**0 उदयाचल प्रांगण में सजा है भव्य श्याम दरबार**
**0 इत्र, केशर, गुलाब जल एवम फूलों की खेली जाएगी होली**

श्री श्याम परिवार मित्र मंडल के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, सचिव राहुल लोहिया, कोषाध्यक्ष कार्तिक अग्रवाल, श्याम महिला मंडल की आशा जयप्रकाश अग्रवाल, ऋचा सौरभ अग्रवाल के अनुसार खाटूधाम (उदयाचल प्रांगण) में आयोजित फागुन महोत्सव के प्रथम दिवस 25 फरवरी को सुबह 10 बजे श्री श्याम प्रभु का दुग्धाभिषेक हुआ। जिसमें सैकड़ों माता-बहनों एवं बंधुओ ने लगभग 101 किलो दूध से बाबा का अभिषेक किया तथा श्याम नाम की मेंहदी 200 से अधिक माता बहनों ने लगवाई। दोपहर 5:30 बजे उदयाचल से भव्य निशान यात्रा निकाली गई। जो भजन सत्संग के साथ नगर भ्रमण करते हुए वापस खाटूधाम उदयाचल प्रांगण पहुंची। निशानयात्रा में दिल्ली की सुप्रसिद्ध श्याम दीवानी ऋतु पांचाल एवं नगर के भजन गायकों द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। आयोजन समिति द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार महोत्सव के दूसरे दिन फागुन शुक्ल दशमी 26 फरवरी गुरुवार को रात्रि 7 बजे से सोनभद्र (उत्तरप्रदेश) के परम श्याम सेवक संजीव शर्मा अपनी सुमधुर वाणी से भजनों की अमृत गंगा प्रवाहित करेंगे। महोत्सव के दौरान श्याम प्रभु का अद्भुत अलौकिक श्रृंगार का दर्शन भक्तगण कर सकेंगे। अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। छप्पनभोग एवं पान भोग का प्रसाद लगाया जाएगा। भजन के दौरान इत्र, केशर, गुलाब जल एवं फूलों की होली खेली जाएगी। प्रतिदिन रात्रि में जलपान प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। आज की प्रसादी के सेवार्थी ऋचा सौरभ अग्रवाल, श्रृंगार सेवार्थी विद्या गोपाल अग्रवाल, छप्पनभोग सेवार्थी मंदीप सिंह झज्ज तथा पान भोग की सेवार्थी दामोदर अंकुर अग्रवाल है। श्रृंगार भजन प्रारंभ होने के पूर्व श्याम प्रभु के भव्य दरबार के समक्ष अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। जिसमे प्रत्येक भक्त माता-बहन एवम बंधु आहुति दे सकेंगे। आयोजन समिति ने नगर के श्रद्धालु माता-बहनों एवं बंधुओ से आग्रह किया है कि वे इस धार्मिक उत्सव में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

## अनमोल दावा

> ज्ञान की रोशनी से ही सफलता का सूरज चमकता है।

# रहमतों की सौगात लेकर आया माह-ए-रमजान इबादतों और रहमतों का दरवाजा है रोजा



**हाजी हलीम बख्श गाजी**

रमजान का महीना अपने आप में असंख्य विशेषताओं को समेटे हुए है, इस्लामी कैलेण्डर के अनुसार रमजान शरीफ वर्ष का नौवा महीना होता है, इस माह पूरे विश्व के मुसलमान संयमित जीवन जीने की कोशिश करते हैं। रमजान आत्म समीक्षा, आत्म कल्याण का महीना है, गुनाहों से मुक्ति, पापों से बचने, ईश्वरीय कृपा प्राप्ति और स्वर्ग प्राप्ति के साधन जुटाने का महीना है, जिस प्रकार जैन धर्म में पर्यूषण पर्व का विशेष महत्व है, उसी प्रकार इस्लाम धर्म में रमजान भी अपनी खास अहमियत रखता है। रमजान माह के अंत में आया है-ईदुल फितर, ईदुल को जीवन की नई शुरूआत का दिन माना गया है।

वस्तुतः रमजान शरीफ प्रतिबंधित और अनुशासित जीवन व्यतीत करने का एक पवित्र आध्यात्मिक महीना है, जिसमें एक निश्चित अवधि के लिए खान-पान, सहवास जैसी आवश्यकताओं पर प्रतिबंध लग जाता है, जिसे रोजा (उपवास) कहते हैं।

रमजानुल मुबारक माह की सर्वप्रथम विशेषता रोजा है। रमजान शरीफ के महीने में रोजा (उपवास) रखना प्रत्येक मुस्लिम वयस्क स्त्री-पुरुष पर अनिवार्य है। रोजे की नीयत 'शर्त है, नीयत दिल के इरादे को कहते है, यदि रोजे का इरादा नही है, और दिन भर कुछ खाया-पिया नहीं जाए तो यह रोजा नही कहलाएगा। रोजा व्यक्ति को इस प्रकार प्रशिक्षित करता है कि, उसमें तकवा डर पैदा हो जाता है, अर्थात ईश्वर का भय जो ईश्वरीय श्राप से बचने के लिए बुराईयों से रोक दें ऐसा डर जो अल्लाह की प्रसन्नता के अच्छे कार्य, सदाचरण तथा धर्माचरण की प्रेरणा दें, मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा में बिना कुछ खाए पिए रहकर दूसरों क भूख-प्यास का अनुभव करते हैं, जिससे उनमें दुःखी मानव के प्रति दयाभाव एवं सहानुभूति की भावना उत्पन्न होती है।

रोजे से व्यक्ति का न केवल शरीर शुद्ध होता है, वरन आत्मा भी पवित्र हो जाती है, उसमें धैर्य, साहस एवं दृढ़ता जैसे गुणों का विकास भी होता है, तथा उसमें अच्छे रास्ते पर चलने एवं स्वच्छ जीवन व्यतीत करने की आदत भी पड़ती है। रमजानुल मुबारक की विशेषता ईज्तिमाईयत अर्थात् एक जगह जमा होना है। रोजा रखने का प्रश्न हर व्यक्ति की इच्छा पर ही छोड़ा गया है। यह सभी पर फर्ज (अनिवार्य) है ताकि सभी मुसलमान एक निश्चित समय पर एक साथ सेहरी खाए और रोजा इफ्तार करें, रमजान महीने में ऐसा वातावरण निर्मित हो जाता है कि, यदि एक व्यक्ति रोजा या नमाज न पढ़ना चाहे तो भी उसके आसपास फैला वातावरण उसे बाध्य कर देता है कि, वह रोजा, नमाज करें, तथा इस



नेकी (सद्कार्य) से महरूम न हो पाएं।

रमजान शरीफ का महीना धैर्य एवं संयक का महीना है, जिसका बदला स्वर्ग ही है। यह महीना लोगों के साथ गमख्वारी करने का है। यदि गरीब, मुफलिसों के साथ अच्छा बर्ताव करना है। रमजान शरीफ के महीने में यदि आपने उपवास (रोजा खोलने) चार-छह प्रकार के व्यंजन बनाए हैं तो कम से कम उसमें दो तीन पकवान गरीबों के लिए अवश्य होने चाहिए 'हदीश' में बयान किया गया है कि, रमजान शरीफ के महीने में स्वर्ग के दरवाजे खोल दिए जाते हैं, और प्रत्येक व्यक्ति का रिज्क (भोजन) अल्लाह द्वारा बढ़ा दिया जाता है। जो व्यक्ति किसी रोजेदार का रोजा इफ्तार कराएगा उसके सभी गुनाह (पाप) क्षमा कर दिए जाते हैं, 'हदीश' में उल्लेख किया गया है कि, सारी इबादतों (प्रार्थनाओं) का दरवाजा रोजा है, हर नेक अमल का बदला फरिश्ते (यमदूत) देते हैं, किन्तु रोजे का बदला अल्लाह खुद अदा करते हैं।

हुजूर अकरम (सल्ल) ने फरमाया कि, रमजान का महीना बरकतों वाला है, इस माह में व्यक्ति ईश्वर के सबसे निकट होता है, और अल्लाह अपनी खास रहमतें नाजिल फरमाता है, खताओं व गुनाहों को माफ करता है, तथा दुआओं को कुबुल करता है, इसलिए अल्लाह को अपनी नेकी दिखलाओं, वह व्यक्ति बड़ा बदनसीब है, जो इस महीने अल्लाह की रहमतों से वंचित रह जाए।

रमजान शरीफ के महीने की एक प्रमुख विशेषता यह है कि, यह वह महीना है जिसमें मुस्लिमों का पवित्र गंथ ''कुरान शरीफ'' पृथ्वी पर नाजिल (अवतरित) हुआ था जो एक आसमानी धर्म ग्रंथ है। रमजान शरीफ कुरान पाक की सालगिरह मनाने का महीना भी है। रमजान के महीने में पवित्र कुमार पढ़ने, सुनने पर अत्यधिक बल दिया गया है जो मुस्लिमों का हिदायतनामा है जिसे पढ़ने और समझने से जीवन के हर क्षेत्रों में रहनुमाई प्राप्त होती है, रमजान शरीफ जकात एवं सद्कार फित्र (दान) दिया जाता है। अल्लाह (ईश्वरीय) राह में गरीबों तथा बेसहारा लोगों पर खर्च करना रमजान माह में सबाब (पुण्य) का काम है।

इस्लाम धर्म के 'हदीश' में इस बात का उल्लेख किया गया है कि, अल्लाह इस माह सवाल करने वाले एवं अपनी मुराद (मांग) करने वालो को कुछ न कुछ अवश्य देता है। प्रत्येक रोजदार अपने प्रलोभनों को त्यागकर दया, एवं दान का आदी बन सकता है।

रमजान 'शरीफ' का पूरा महीना धार्मिक तथा आध्यात्मिक कार्यों का है, इस महीने में सभी मुसलमान पूरे माह तक रात्रि में सामूहिक रूप से तराबीह की (विशिष्ट नमाज) अदा करते हैं। इस नमाज का रमजान शरीफ में महत्वपूर्ण मकसद है इसी महीने एक राज ऐसी भी आती है जिसे 'लैलतूलकद्र' या 'शबेकद्र कहते हैं। इस रात की बरकतें हजार महीनों से बेहतर निहीत है। इस रात में मुस्लिम भाई इबादत करते हैं, तथा कुरान पाक का पठन, पाठन करते हैं।

रमजान महीने की महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि, रमजान का पूरा महीना रहमत का है अपने पापों से क्षमा याचना कर है और दोजख (नर्क) की आग से बचने का माह है लेकिन इसमें अंतिम दस दिन इन सभी दिनों से अधिक महत्वपूर्ण है। सच तो यह है कि, यह हिस्सा पूरे रमजान की जान है। शुरू के दिनों में अब तक जो कमी रह गई थी, उसे पूरा करने का यही एक मौका रह जाता है, यह वे दिन है जब व्यक्ति दुनिया व जरूरतों से हटकर सिफ अल्लाह की याद में तल्लीन हो जाना चाहता है। उसी की सोच, बातचीत, दिल दिमाग में छा जाती है उसकी याद मन में समा जावे और रचना के बजाय जब व्यक्ति रचयिता में ही रहने लगे 'उसे ही (ऐतकाफ) कहते हैं' ऐतकाफ में व्यक्ति अल्लाह के प्रति एकाग्रता प्राप्त करता है। दुनिया को भूल जाता है, ऐतकाफ में दुनिया के गुनाहों से बचा रहता है, दिन भर रोजा, रात भर बराबीह की नमाज, बचे वक्त में कुरान पाक की, तिलावत व्यक्ति को पलानहार के दौरान सजदे में होता है तो वह अल्लाह के सर्वाधिक निकट होता है।

आईए हम सब मिलकर इस पवित्र महीने से अपनी नई जिन्दगी की शुरूआत करें, इस माह को हम अपने धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक जिन्दगी के नव निर्माण का दिन बनाएं आज हम नई ईमानी ताकत और नए व्यवहारिक हौसलों के साथ जिन्दगी के संघर्ष में दाखिल हों आज से ही हमारा जीवन ईश्वरीय आदेशानुसार गुजरें, हम सभी अपने दृढ़ निश्चय के साथ नए समाज के नव निर्माण की शुरूआत करें। हमारा व्यक्तिगत, सामाजिक जीवन पूरे विश्व के साथ-साथ देश के लिए एक अनुकरणीय वरदान बने जिसे पेश करने की जवाबदारी हम सभी पर है। रमजान शरीफ में हमने जो शिक्षाएं एवं प्रशिक्षण प्राप्त किया है, यदि हम उसके निहीत मूल उद्देश्यों की जीवन में अपनाएं तभी हमारा जीवन सार्थक सिद्ध हो सकता है।

(आमीन)

# नकली-घटिया सामग्री का बढ़ता बाजार, कई किलो मिलावटी खोया बरामद

यह लेख भारत में मिलावटी खाद्य पदार्थों और नकली उत्पादों के बढ़ते खतरे पर प्रकाश डालता है। होली जैसे त्योहारों के दौरान आगरा, कानपुर, लखनऊ सहित कई शहरों से मिलावटी खोया, पनीर, खजूर और मसालों की बड़ी खेप पकड़ी गई।

होली निकट आते ही देश भर से ऐसे समाचार आने का सिलसिला कायम हो गया है कि नकली खोया, पनीर या फिर मिलावटी मिठाइयां बरामद। बीते सप्ताह आगरा की एक खबर के अनुसार राजस्थान से लाया गया 1,320 किलो मिलावटी खोया बरामद किया गया। कानपुर से आई एक खबर यह कहती है कि होली और रमजान के पहले 50 लाख रुपये मूल्य के दस हजार किलो पुराने और खराब हो चुके खजूर के पैकेटों पर नए लेबल चिपकाकर उन्हें बाजार में खपाने की तैयारी थी। इसी दिन की एक अन्य खबर के मुताबिक कानपुर में ही छह सौ किलो मिलावटी खोया पकड़ा गया। इसके अलावा लगभग दो लाख रुपये से अधिक मूल्य की कटी हुई सुपारी भी जब्त की गई, जिसे मिलावटी पाए जाने पर नष्ट किया गया। बीते दिनों लखनऊ से आई खबर ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ जो अभियान चलाया, उसमें करीब 13 क्विंटल सड़े-गले और मानव उपयोग के लिए असुरक्षित खजूर नष्ट कराए गए। इसी अभियान के तहत दो हजार किलो हल्दी, 20 हजार किलो सुपारी जब्त की गई, क्योंकि उसके खराब होने का संदेह था। सहारनपुर की एक खबर के अनुसार खाद्य विभाग ने रामपुर मनिहारान कस्बे में करीब साढ़े छह क्विंटल मिलावटी पनीर बरामद किया।

गत दिनों ही भीलवाड़ा में एक कोल्ड स्टोरेज से बड़ी मात्रा में संदिग्ध मिलावटी मसाले जब्त किए गए। इनमें 23 सौ किलो लाल मिर्च पाउडर और 17 सौ किलो साबुत धनिया को मिलावटी होने के संदेह में जब्त किया गया। इसी माह गुजरात के साबरकांठा में डिटर्जेंट, कास्टिक सोडा, यूरिया आदि का इस्तेमाल करके नकली दूध और छाछ बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया। यह फैक्ट्री पिछले पांच सालों से चल रही थी। बीते दिनों आंध्र के एक कस्बे में मिलावटी-जहरीला दूध पीने से पांच लोगों की मौत हो गई। यदि बीते 15-20 दिनों की ही देश भर से आई ऐसी खबरों का संज्ञान लिया जाए तो उनका उल्लेख करने के लिए यह पूरा पेज या फिर समाचार पत्र भी कम पड़ सकता है। इन खबरों के आधार पर ऐसे किसी नतीजे पर पहुंचने की भूल नहीं की जानी चाहिए कि केवल त्योहारों पर ही नकली अथवा मिलावटी खाद्य पदार्थ बनने और बिकने लगते हैं। वास्तव में यह काम वर्ष भर बेरोक-टोक चलता है। किसी को इस नतीजे पर भी नहीं पहुंचना चाहिए कि जिन विभागों पर मिलावटी, नकली, घटिया खाद्य सामग्री पर निगाह रखने और उन्हें बनाने एवं बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की जिम्मेदारी है, वे मिलावटखोरों के खिलाफ सदा सतर्क रहते हैं। सच यह है कि ऐसे विभाग केवल त्योहारों के समय ही सतर्क और सक्रिय दिखते हैं। यह अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है कि उनकी सतर्कता-सक्रियता उस मिलावटी और नकली खाद्य सामग्री का एक हिस्सा ही पकड़ पाती है, जो बाजार में बिकने के लिए आ जाती है।

कल्पना करें कि अपने देश में कितने लोग टनों मिलावटी, नकली और सेहत के लिए हानिकारक खाद्य सामग्री उपभोग करने और ऐसा करके बीमार होने के लिए अभिशप्त हैं? मिलावटी एवं नकली खाद्य सामग्री के खिलाफ चलाए जाने वाले अभियानों के दौरान ऐसी सूचना तो आती है कि संदिग्ध खाद्य सामग्री के सैंपल परीक्षण के लिए भेजे गए, पर ऐसी खबर मुश्किल से ही आती है कि इन सैंपल के परिणाम क्या रहे?

यदि कभी ऐसी खबर आ भी जाती है तो यह पता चलना कठिन होता है कि मिलावटी या फिर नकली खाद्य सामग्री बनाने-बेचने वालों को सजा क्या मिली? ऐसी खबर मुश्किल से इसलिए आती है, क्योंकि ऐसे लोगों को सजा मिलने के मामले बहुत ही दुर्लभ हैं। केवल इससे चिंतित होने की आवश्यकता नहीं कि अपने देश में नकली, मिलावटी या फिर घटिया किस्म की खाद्य सामग्री बनती और बिकती रहती है। चिंता की बात यह भी है कि दवाओं के मामले में भी यही स्थिति है। रह-रहकर ऐसी खबरें आती हैं कि अमुक-अमुक दवाओं के सैंपल फेल। गत दिवस की एक खबर यह कहती है कि देश भर में निर्मित 215 दवाओं के सैंपल फेल पाए गए। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन की ओर से जारी ड्रग अलर्ट के अनुसार इनमें से 71 दवाएं हिमाचल में बनी हैं। ये दवाएं मुख्य रूप से एलर्जी, अस्थमा, दर्द-बुखार की हैं। इसके अलावा कुछ एंटीबायोटिक्स और 16 कफ कोल्ड सीरप भी हैं। ऐसे ड्रग अलर्ट नए नहीं हैं और न ही वे यदाकदा जारी होते हैं। वे जारी ही होते रहते हैं, लेकिन नीति-नियंताओं का दोयम दर्जे की खाद्य वस्तुओं और दवाओं की ओर ध्यान तब जाता है, जब लोग गंभीर रूप से बीमार हो जाते हैं या फिर उनकी मौत हो जाती है। आप उन खबरों से भी अनभिज्ञ नहीं हो सकते, जो यह बताती हैं कि नकली टूथपेस्ट, साबुन जैसे उत्पाद बनाने की फैक्ट्रियां पकड़ी गईं। बीते अगस्त में जयपुर में ऐसी ही एक फैक्ट्री में नामी टूथपेस्ट, क्रीम, साबुन आदि के साथ ब्रांडेड कंपनियों का नकली घी बन रहा था। इसी तरह दिल्ली में एक फैक्ट्री में नकली इनो बना रही फैक्ट्री पकड़ी गई थी। जिस देश में जानलेवा घटिया खाद्य सामग्री इतने बड़े पैमाने बन रही हो, वह आखिर विकसित कैसे बन सकता है? जहां ऐसे निकृष्ट कार्य धड़ल्ले से हो रहे हैं, वहां एआइ समिट में किसी यूनिवर्सिटी की ओर से चीनी रोबोटिक डाग को अपना बताकर पेश करने में किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए।

## विचार सरिता

# सवाल - जवाब : मौन, ध्यान की पहली सीढ़ी और आंतरिक शांति की ओर बढ़ाया कदम है

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



आज की ज्ञानचर्चा में विवेक ने एक ऐसे जिज्ञासु का प्रश्न रखा, जो मौन के विषय में जानना चाहता था। आचार्य सत्यव्रत के साथ प्रश्नों और उत्तरों का क्रम प्रारंभ हुआ-

जिज्ञासुः आचार्य जी,हमारे जीवन में मौन का क्या महत्व है?

आचार्य सत्यव्रतः मौन का हमारे जीवन में अत्यंत महत्व है। यह हमारे भीतर की शांति, संतुलन और हृदय की साम्यावस्था की सम्यक अभिव्यक्ति है। यह हमारी अस्थिरता और



चंचल वृत्ति पर अवरोध लगाता है।

एक संस्कृत श्लोक में कहा गया है-

मौखर्य लाघवकरं मौनमुन्नतिकारकम्।
मुखरं नूपुरं पादे कण्ठे हारौ विराजते

इसका अर्थ है, वाचालता छोटा बनाती है और मौन उन्नति करने वाला होता है। इसीलिए ध्वनित होने वाले नूपुर को पैर में और मौन हार को कंठ में पहना जाता है।

मौन अनावश्यक विचारों को रोकता है। यह मनुष्य को व्यर्थ की क्रियाओं और चेष्टाओं से विमुख करता है। वास्तव में ध्यान की पहली सीढ़ी मौन है। इसके बाद आप क्रमशः आंतरिक मौन और आत्मसाक्षात्कार की ओर अपने कदम बढ़ाते हैं।

जिज्ञासुः तो क्या आंतरिक और बाह्य मौन अलग-अलग हैं?

आचार्य सत्यव्रतः हाँ, शब्दों के बोलने पर नियंत्रण बाह्य मौन है। आंतरिक मौन में आप अपने भीतर झाँकना शुरू करते हैं और धीरे-धीरे आपका मन भीतर की शांति का अनुभव करने लगता है।

## सामायिक चर्चा

### बजट पर दो व्यंग्य

(1) बानी बोले मुस्कराकर- ''गजाधर!
आपने बजट आने के
दो दिन पहले, बजट पर
बड़ा अच्छा किया था खेल
कि आप चेहरा देख बता
सकते है कि कौन बजट को
अच्छा कहेगा और कौन बुरा,
पर आप तो हो गये फेल।
ये देखिए! आपने कहा था
पड़ोसी भैयाजी बजट को
बेकार कहेंगे, पर उन्होंने तो
बजट की खूब तारीफ की है।''
गजाधर ने तुरन्त कहा -
''बानी! मैं गलत नहीं था।
दरअसल मुझे पता नहीं था।
कि भैया जी ने पार्टी बदल ली है।
(2) बानी अखबार उठाकर
बोले - ''सुनिए गजाधर! आज बजट पर-
छत्तीसगढ़ सरकार का
1.72 लाख करोड़ का बजट पेश
जो ज्ञान-गति के बाद
अब 'संकल्प' पर आधारित है और
पूर्व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए
शिक्षा, स्वास्थ्य सिंचाई,
डिजिटल संपर्क व रोजगार पर जोर।''
गजाधर से पहले, उत्सुक होकर,
गृहस्थ गिरधारी ने कहा -
''ये सब तो ठीक है बानी भाई!
पर ये तो बताओ, बजट के बाद
क्या कम होगी महंगाई?''
(बुधवार 25 फरवरी 2026)



गिरीश बख्शी

## कविता

### //चलो मनाएं होली//

चलो मनाएं होली, बोलो मीठा बोली,
लगाए रंग गुलाल, करें हंसी ठिठोली।
चलो लाएं पलाश का फूल, केमिकल जाओ भूल,
प्रकृति ही है हमारी मूल, इसे न जाना भूल।
चलो भूले प्रतिशोध, बुराई का करें विरोध,
जलाएं अपने अवगुण, दुराचार का करें प्रतिरोध।
हमें आज नहीं नहाना है, रंग गुलाल तो बहाना है,
हमें तो दूरियाँ, सारी दिलों की मिटाना है।
तन के तार छुए बहुतों ने, मन का तार ना भीगा,
घोलो दिल में प्रेम का रंग, रहे ना कोई अभागा।
राधा-कृष्ण की रासलीला, रंग लगाओ लाल, पीला,
कामदेव, शिव की कथा, वसंत से कह दो अपनी व्यथा।
अग्नि भी ठंडी हो गई,जब लिया प्रभु का नाम,
भक्त प्रहलाद की भक्ति पर, धरा पर आ गया
पूरा धाम। ज्ञान की पोटली, गुरु का ज्ञान,
सबसे बड़ा अबीर,''राम''
संग होरी, जो कदे न
हो अकाज कहे संत कबीर।

रामलाल साहू, कलेवा
राजनांदगांव

### सू- दोकू क्र.327

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र326 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

## कविता

### बम-बम होली

होली में रही ऐसो बम-बम
तैं रहिबे न तै,
हम रहिबो न हम ।,
होली में.....
बेचाही होली में जघा-जघा दारु
पिये बर रहिबो हम सब उतारु,
न कोई रोका रही न कोई छेका
पुलिस रही हमर गंगाबारु ।
पी के नाचबो- झूमबो झमाझम।।
होली में....
मतौना हवा संग नाचबो-गाबो
छकत ले दारु पीबो -ढरकाबो,
खुल्लम- खुल्ला करबो हम मस्ती,
होली परब में दारु के रंग भरबो।
करबो सरकार के बढ़ाई,
सबों हम।।
होली में....
डाहकी के थाप में रही नवां रंग
चढ़ही दारु के नशा अंग- अंग
खुलके नाचबो गाबो धूम मचाबो
होली बरही ऐती बंगा-बंग,
न कोई संसो न रही कोई ग़म।।
होली में.....
होली म तिरछी नजर के सवाल
दारु के नशा में नी होही बवाल।
पिए बर हावे ये दिन खुल्ला,
अउ संइया भये हे कोतवाल।
सरकार बने हे बलम ।।
होली.....
दारु, जुंआ हे आवश्यक बुराई,
समाज में कभु, कम नी होवे भाई।
बनाए ल परथे एखर बर प्रणाली,
गंदगी ल निकाले बर
बनाए जाथे नाली।
कम होथे एखर ले जोर-जुलम।।
होली में रही ऐसो बम-बम।।



जयवंत जांगिड़ ''जयंत''
डोंगरगढ़ (राज.)

## राशिफल

**मेष** — परिवार और ऑफिस के मैटर्स पर आप सामंजस्य रखेंगे, तो विवाद कम होगा. वाणी पर संयम रखना हितकर होगा, अन्यथा किसी के साथ झगड़ा हो सकता है. कार्यस्थल पर आज आपको केवल अपने विचारों पर ध्यान देना चाहिए. मित्रों से लाभ प्राप्त होगा. मानसिक हताशा और नकारात्मकता की तरफ बढ़ सकते हैं.

**वृष राशि** — आपकी कल्पना शक्ति अधिक निखरेगी. आप रचनात्मक कामों में रुचि लेंगे. बिजनेस और नौकरीपेशा लोगों का कोई अधूरा काम पूरा होने से काफी राहत मिल सकती है. आप नए वस्त्र, अलंकार, सौंदर्य प्रसाधन और मनोरंजन के पीछे धन खर्च करेंगे. परिवार में शांति और मेल-जोल बना रहेगा.

**मिथुन** — आज आपका दिन शारीरिक एवं मानसिक अस्वस्थता के साथ चिंता में भी रहेगा. शारीरिक कष्ट, विशेषकर आंखों में पीड़ा होने की आशंका रहेगी. इस दौरान आपको संक्रामक रोगों से भी बचने का प्रयास करना होगा. परिजनों और स्नेहियों के साथ किसी दुर्घटना की आशंका रहेगी, इसलिए उनका ध्यान रखें. आज कोई भी काम बिना विचारे नहीं करें.

**कर्क** — आप का दिन आनंद और उल्लास में गुजरेगा. व्यापार में लाभ होगा. आय के सोर्स में बढ़ोतरी हो सकती है. नौकरीपेशा लोग पूरी ऊर्जा से अपना काम कर पाने की स्थिति में रहेंगे. मित्रों से हुई मुलाकात से आनंद का अहसास होगा. विवाह योग्य जातकों के विवाह के योग हैं. शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा.

**सिंह** — आज का दिन नौकरी और व्यवसाय के लिए लाभदायक है. अपने काम से सभी को प्रभावित करेंगे. दृढ़ता और आत्मविश्वास के कारण सभी काम अच्छी तरह से पूरा कर सकेंगे. पिता से लाभ हो सकता है. जमीन और वाहन से सम्बंधित काम करने का यह उचित समय है. खेल और कला जगत में अपना टैलेंट बताने के लिए भी समय अच्छा है.

**कन्या** — आपका आज का दिन धार्मिक काम में व्यतीत होगा. किसी धार्मिक स्थान पर जा सकेंगे. विदेश जाने का अवसर मिलेगा. दोस्तों से लाभ मिलेगा. कार्यालय में उच्च अधिकारियों से बातचीत में सावधान रहें. हालांकि आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे. शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे. किसी नए व्यक्ति से आपको आकर्षण हो सकता है.

**तुला** — आज आप नए काम की शुरुआत ना ही करें. व्यापार में प्रतियोगियों की सफलता से मन में ईर्ष्या का भाव आ सकता है. भाषा और व्यवहार पर संयम रखने से आपको लाभ होगा. गुप्त शत्रु आपको परेशान कर सकते हैं. तबियत का ध्यान रखें. ज्योतिष विद्या और धार्मिक काम आपको आकर्षित करेंगे. आध्यात्मिक सिद्धि प्राप्त करने के लिए समय अच्छा है.

**वृश्चिक** — आज आपका दिन कुछ अलग तरीके से गुजरेगा. अपने काम जल्दी खत्म करके खुद के लिए आप समय निकाल सकेंगे. दोस्तों के साथ घूमना-फिरना, मौज-मस्ती, मनोरंजन, पर्यटन तथा भोजन आदि से आप बहुत आनंदित रहेंगे. मान-सम्मान में वृद्धि होगी. आपकी कोई प्रशंसा कर सकता है. आप किसी बात को लेकर सम्मानित महसूस करेंगे.

**धनु** — आज का दिन शुभ है. कार्य सरलता से पूरे होंगे. परोपकार की भावना रहेगी. आपका दिन आमोद-प्रमोद में व्यतीत होगा. नौकरी व्यवसाय में उन्नति और मान-सम्मान प्राप्त होगा. गृहस्थजीवन में आनंद रहेगा. जीवनसाथी के साथ निकटता बढ़ेगी. आपके संबंध और प्रगाढ़ होंगे. आज किसी नए व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है. आय और व्यय में बैलेंस बना रहेगा.

**मकर** — आज के दिन आपमें आलस्य और थकान रहने के कारण शारीरिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव करेंगे. मानसिक रूप से भी आपको चिंता होगी. व्यावसायिक क्षेत्र में भाग्य का साथ नहीं मिलेगा. अधिकारी आपके काम से संतुष्ट नहीं होंगे. मन में दुविधा रहने के कारण निर्णय लेने में बाधा आएगी. संतान का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है.

**कुंभ** — आज आप मानसिक बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव करेंगे. सार्वजनिक रूप से मानहानि न हो, इसका ध्यान रखें. स्थायी संपत्ति तथा वाहन आदि के दस्तावेजी कामों में सावधानी रखें. महिलाएं सौंदर्य प्रसाधन, वस्त्र और आभूषणों की खरीदारी पर धन खर्च कर सकती है. विद्यार्थियों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी.

**मीन** — आज का दिन महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए शुभ है. विचारों में दृढ़ता रहेगी, काम अच्छी तरह से पूरे होंगे. सृजनात्मक और कलात्मक शक्ति में वृद्धि होगी. दोस्तों या परिजनों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं. भाई-बहनों से लाभ होगा. काम की सफलता आपके मन को आनंदित करेगी. सार्वजनिक जीवन में मान-सम्मान मिलेगा.

# कलेक्टर ऑफिस में नौकरी दिलाने के नाम पर 11 लाख की ठगी, मुख्य आरोपी देवेंद्र गोरले गिरफ्तार




**खैरागढ़ में कम्प्यूटर ऑपरेटर बनवाने का दिया था झांसा, डोंगरगढ़ पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी को भेजा जेल**

डोंगरगढ़ (दावा)। जिले में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। कलेक्टर ऑफिस खैरागढ़ में कम्प्यूटर ऑपरेटर की नौकरी लगवाने का लालच देकर पांच लोगों से 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले मुख्य आरोपी देवेंद्र गोरले को डोंगरगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। प्रार्थी धीरज साहू ने 24 फरवरी 2026 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी देवेन्द्र कुमार गोरले (निवासी गौतम नगर वार्ड नं. 2) और उसके साथी जय प्रकाश यादव ने ऊंची पहुंच का हवाला देकर सरकारी नौकरी दिलाने का वादा किया था। आरोपियों ने झांसे में लेकर अलग-अलग पांच लोगों से कुल 11 लाख रुपये ऐंठ लिए। जब नौकरी नहीं लगी और पैसे वापस नहीं मिले, तब प्रार्थी को ठगी का एहसास हुआ।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के दिशा-निर्देश पर डोंगरगढ़ थाना प्रभारी संतोष जायसवाल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी देवेन्द्र कुमार गोरले को हिरासत में लिया। पूछताछ और विवेचना के दौरान अपराध में संलिप्तता के पुख्ता सबूत मिलने पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। डोंगरगढ़ पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 97/2026 धारा 420, 34 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश भी की जा रही है। इस कार्यवाही में निरीक्षक संतोष जायसवाल, उपनिरीक्षक रोहित खुटे सहित आरक्षक लीलाधर, दिलीप साहू और अन्य टीम सदस्यों का विशेष योगदान रहा। राजनांदगांव पुलिस ने नागरिकों से विशेष अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति को नौकरी लगाने या इनाम जीतने जैसे झांसे में आकर पैसा न दें। सरकारी नियुक्तियां केवल आधिकारिक प्रक्रियाओं के माध्यम से होती हैं, किसी व्यक्ति को पैसे देकर नौकरी पाना संभव नहीं है।

## नीरव अग्रवाल का सुयश, अच्छे अंकों से पास की जेईई परीक्षा



डोंगरगढ़ (दावा)। लाल बहादुर नगर निवासी विकास अग्रवाल के सुपुत्र नीरव अग्रवाल ने पहले ही अटेम्प्ट में जेईई की परीक्षा में सफल होकर परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वे वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व जनपद सदस्य अजय अग्रवाल के भतीजे हैं। नीरव ने पहले ही प्रयास में 96 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। प्रारंभ से ही मेधावी नीरव ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई लाल बहादुर नगर में की तत्पश्चात में डोंगरगढ़ के एक प्राइवेट स्कूल में अध्यनरत रहे और घर से ही परीक्षा की तैयारी की। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है वे आगे चलकर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में बड़ी सफलता के आयाम स्थापित करेंगे। उन्हें मिली इस सफलता पर परिजनों सहित इष्ट मित्रों लाल बहादुर नगर के नागरिकों सहित अग्रवाल समाज ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# अम्बागढ़ चौकी महाविद्यालय में राज्य स्तरीय पुरुष खो-खो प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**11 सेक्टर की टीमों में रोमांचक मुकाबले, दुर्ग सेक्टर बना विजेता**



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। शासकीय लाल चक्रधर शाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बागढ़ चौकी में उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के तत्वावधान में 23 एवं 24 फरवरी को राज्य स्तरीय पुरुष खो-खो प्रतियोगिता का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों की कुल 11 सेक्टर टीमों ने हिस्सा लेकर उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में राजनांदगांव, उत्तर बस्तर, दक्षिण बस्तर, दुर्ग, बलोदा बाजार, रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर-चांपा, रायगढ़ तथा सरगुजा सेक्टर की टीमों ने भाग लिया। दो दिनों तक चले मुकाबले अत्यंत रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक रहे। खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीम भावना और खेल कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

आयोजन महाविद्यालय प्रशासन एवं जनभागीदारी समिति के मार्गदर्शन में सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष काशी निषाद ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जे.आर. परतेती, कमलेश सारस्वत, अरुण यादव, रियाजुद्दीन कुरैशी, वरिष्ठ पत्रकार अवधेश त्रिपाठी, पवन गुप्ता, मनीष साहू सहित नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि खेल जीवन में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों एवं अधिकारियों के लिए आवास, भोजन, पेयजल तथा मैदान की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई थी, जिसकी प्रतिभागियों ने सराहना की।

सेमीफाइनल मुकाबलों में रायपुर सेक्टर ने राजनांदगांव सेक्टर को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया, वहीं दूसरे सेमीफाइनल में दुर्ग सेक्टर ने उत्तर बस्तर सेक्टर को हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला दुर्ग और रायपुर सेक्टर के बीच खेला गया, जिसमें दुर्ग सेक्टर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। रायपुर सेक्टर उपविजेता रहा।

प्रतियोगिता में प्रत्येक मैच के उत्कृष्ट खिलाड़ी को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार पार्षद दिलीप कुम्भकार के सौजन्य से प्रदान किया गया। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार दुर्ग सेक्टर के अंकुश कुमार को मिला। बेस्ट फेयर प्ले अवार्ड राजनांदगांव सेक्टर तथा बेस्ट मार्च पास्ट अवार्ड उत्तर बस्तर सेक्टर को प्रदान किया गया।

निर्णायक मंडल में अंतरराष्ट्रीय रेफरी तरुण शुक्ला के नेतृत्व में निर्णायकों ने निष्पक्ष भूमिका निभाई। समापन समारोह में गुलाब गोस्वामी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आशीष द्विवेदी सहित अन्य अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र प्रदान किए।

महाविद्यालय के प्राचार्य ने आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अधिकारियों, कर्मचारियों, खेल अधिकारी, कोच, निर्णायकों एवं स्वयंसेवकों का आभार जताया। आयोजन सचिव डॉ. मोरध्वज सोनवानी, क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता महाविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण रही और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## पहला कॉलम...

### राजनैतिक पार्टी द्वारा डोंगरगढ़-कटघोरा रेल परियोजना की उपेक्षा दुर्भाग्यजनक - के.के. वर्मा



डोंगरगढ़(दावा)।छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया गया, सत्तापक्ष एवं पार्टी द्वारा इसकी जमकर प्रशंसा की गई,जबकि विपक्षी पार्टी द्वारा स्वाभाविक रूप से इसकी जमकर आलोचना की गई। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा यह भी कहा गया कि रेलवे ट्रैक सिर्फ यहां के खनिज को लूटने के लिए है। एक उच्च पदस्थ नेता का यह कथन समझ से परे है। अंचल के निवासियों के लिए दुखद तो यह है कि किसी भी राजनैतिक पार्टी के द्वारा डोंगरगढ़ से कटघोरा रेल लाईन परियोजना के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा गया।डबल इंजन की सरकार इस परियोजना के मामले में उस ट्रेन के समान है जो कि पटरी पर तो खड़ी है किन्तु उसके आगे और पीछे की पटरी दूर दूर तक बह गई है ,न जाने कब नई पटरी बिछेगी और कब ट्रेन आगे बढ़ेगी ।

### चेंदरीबन नवागांव में 28 फरवरी व 1 मार्च को होगा दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता

हरदी (दावा)। ग्राम चेंदरीबन नवागांव में आगामी 28 फरवरी व 1 मार्च को दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन अभिनव युवा मंडल फाग समिति एंव समस्त ग्रामवासीयों के द्वारा आयोजन किया जा रहा है। समिति अध्यक्ष आकाश कुमार यादव ने यह जानकारी दिया।

### गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं के सशक्तिकरण को समर्पित है छत्तीसगढ़ सरकार का संकल्प बजट - मुकेश साहू



डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत संकल्प बजट 2026-27 का भारतीय जनता युवा मोर्चा ने स्वागत करते हुए इसे प्रदेश के समावेशी विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है। युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश साहू ने कहा कि यह बजट गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं की आवश्यकताओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत करता है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार सृजन, महिला सशक्तिकरण और आधारभूत संरचना के विकास पर विशेष जोर दिया गया है। जिससे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि सुशासन, विकास और विश्वास का प्रतिबिंब है। इससे छत्तीसगढ़ के संतुलित और सर्वांगीण विकास को नई गति मिलेगी। युवा मोर्चा इस जनकल्याणकारी बजट के लिए मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करता है।

### ज्ञान, गति और संकल्प की त्रिवेणी है यह बजट - डिकेश साहू



डोंगरगांव (दावा)। राजनांदगांव भाजपा जिला महामंत्री डिकेश साहू ने बजट को सर्वसमावेशी और युवाओं के सुनहरा भविष्य में कारगर बताते हुए प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बजट को गुड गवर्नेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी पर केंद्रित बताया और कहा कि साय सरकार के पहले वर्ष के बजट की थीम ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) थी। जबकि पिछले वर्ष के बजट की गति (गुड गवर्नेंस, एक्सीलेरैटिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, टेक्नॉलॉजी और इण्डस्ट्रीयल ग्रोथ) की रणनीति अपनाते हुए इसे संकल्प (समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अंत्योदय, लाइवलीहुड, पॉलिसी से परिणाम तक) की अवधारणा में बजट के मूल आधार स्तंभों का संयोजन किया गया है।

उन्होंने कहा कि साय सरकार का यह बजट वास्तव में युवाओं का बजट है, जो शिक्षा, कौशल, नवाचार और रोजगार के ठोस अवसरों का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि बजट में घोषित प्रावधान केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला हैं। उन्होंने बताया कि राज्य के विश्वविद्यालयों को अनुदान, व्यावसायिक परीक्षा मंडल की क्षमता वृद्धि एवं विस्तार के लिए 731 करोड़ का प्रावधान किया गया है। जिससे उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और पारदर्शिता में वृद्धि होगी। 100 करोड़ से स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट शाला योजना को सशक्त किया जाएगा। जिससे ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 50 करोड़ आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों के अधोसंरचना उन्नयन हेतु दिए गए हैं। वहीं 38 करोड़ की लागत से रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग सहित कवर्धा, रायगढ़, जशपुर एवं जगदलपुर में नवीन सीजीआईटी संस्थानों की स्थापना की जाएगी।

# अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने वाले पुलिस जवानों को नगद ईनाम प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया



**पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकित शर्मा ने किया सराहनीय प्रयास**

डोंगरगढ़ (दावा)। गत 22 फरवरी को ग्राम भैंसरा, बाबा आम बगीचा में नदी के पास एक अज्ञात महिला का शव मिला जिसका अज्ञात आरोपी द्वारा पत्थर से सिर कुचल कर हत्या कर दिया गया है। सूचना पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्रमांक 92/2026 धारा 103(1) 61 (2), 238 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा थाना डोंगरगढ़ एवं सायबर थाना की टीम बनाकर अज्ञात मृतिका एवं घटना कारित करने वाले आरोपियों के संबंध में जल्द पता तलाश करने हेतु निर्देश दिया गया। जिस पर तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर मृतिका की पहचान पुर्णिमा नेताम पति सुनील कुमार नेताम उम्र 35 वर्ष निवासी रविदास नगर/मायका ग्राम चौथना थाना डोंगरगढ़ राजनांदगांव के रूप में की गई। इसके तत्काल बाद आरोपियों की पतासाजी किया गाय जिसमें आरोपी सुनील वंजारी पिता स्व. रमाधन वंजारी उम्र 45 वर्ष निवासी दल्लीराजहरा जिला बालोद, हॉल पता मोतीपुर, राजनांदगांव (मुख्य आरोपी मृतिका का पति) ज्योतिष सिंह नेताम पिता स्व. सदराम नेताम उम्र 40 वर्ष निवासी छिरपानी, डोंगरगढ़ (सह-आरोपी) एवं नीलकंठ साहू पिता स्व. भुनेश्वर साहू उम्र 71 वर्ष निवासी ग्राम मोहंदीपार, थाना अर्जुन्दा (साक्ष्य छुपाने में सहयोगी) इन तीनों आरोपियों को अलग-अलग जगहों से घेराबंदी कर पकड़े और अंधे कत्ल की गुत्थी 48 घंटे में सुलझाया।

**32 अधिकारियों एवं कर्मचारी को 10 हजार का नगद इनाम**

पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा थाना डोंगरगढ़ एवं सायबर सेल में पदस्थ 32 अधिकारियों एवं कर्मचारी जो इस अंधे कत्ल को सुलझाने में सक्रिय भूमिकी निभाई उनको नगद ईनाम 10 हजार रूपये प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

## किसानों के साथ हर वर्ग व क्षेत्र का रखा खयाल बजट 2026 में - रामकुमार गुप्ता



डोंगरगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार का तीसरा बजट में किसानों के हितों को पहली प्राथमिकता दिया गया है। रामकुमार गुप्ता प्रवक्ता जिला भाजपा ने बजट 2026 पर अपने विचार रखते हुए कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने, उपज की सही कीमत देने हेतु बजट में कृषि उन्नति योजना हेतु 10 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया। सिंचाई विस्तार कृषि पंपों की स्थापना हेतु 5500 करोड़ का प्रावधान किया गया। जिससे किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा मिलेगी। किसानों के आय में वृद्धि होगी। आर्थिक व्यवस्था हेतु ऋण बिना ब्याज के लिए 300 करोड़ का प्रावधान किया। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने हेतु 40 करोड़ का प्रावधान इस तरह ये बजट किसानों की आय बढ़ाने, बेहतर सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, खेती के लिए वित्तीय सहायता देने पर जोर दिया गया, ताकि खेती अधिक लाभदायक व स्थिर बना रहे। प्रदेश के युवाओं को नए उद्योग लगाने हेतु 23 औद्योगिक पार्कों हेतु 250 करोड़, उद्योग स्थापना हेतु 750 करोड़ का प्रावधान किया। जिससे स्थानीय युवा नया उद्योग लगा सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में एजुकेशन सिटी निर्माण हेतु 100 करोड़, मेडिकल कालेज निर्माण हेतु 50 करोड़ का प्रावधान किया गया। यह बजट समावेशी विकास, ढांचा निर्माण, कौशल विकास, शिक्षा स्वास्थ्य कृषि व अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने वाला बजट है।

# रॉयल किड्स कान्वेंट छुरिया में वार्षिक परीक्षा का शुभारंभ



छुरिया (दावा)। वनांचल में शिक्षा का अलख जलाए रखने वाली एकमात्र संस्था रॉयल किड्स कान्वेंट छुरिया में कक्षा नर्सरी से कक्षा नवमी तक की वार्षिक परीक्षा का शुभारंभ हुआ। यह परीक्षाएं 16 मार्च तक संचालित की जाएगी। परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल साहू एवं प्रधान पाठिका श्रीमती शारदा सिंह गौर द्वारा मां सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना की गई संपूर्ण विद्यालय परिसर सकारात्मक ऊर्जा और अनुशासन से परिपूर्ण दिखाई दिया। प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा की परीक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण है। जिससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन समय का सदुपयोग तथा प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़कर उत्तर लिखने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा की परीक्षा में सदैव ईमानदारी और आत्मविश्वास बनाए रखें। क्योंकि सच्ची सफलता वही है, जो परिश्रम और सत्य निष्ठा से प्राप्त हो।

अभिभावकों ने भी अपने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उन्हें बिना तनाव के पूरी लगन से परीक्षा देने का संदेश दिया। इसके पश्चात परीक्षा शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में प्रारंभ हुआ। सभी विद्यार्थी समय पर विद्यालय पहुंचे और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, अकैडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर डॉ. आई.के. वैष्णव ने भी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए अपने संदेश में कहा कि परिश्रम अनुशासन और ईमानदारी ही सफलता की सच्ची कुंजी है।

# नशे के विरुद्ध डोंगरगढ़ पुलिस की कार्रवाई : गांजा बेचते रंगे हाथ पकड़ाया युवक, बाइक और नगदी समेत 62 हजार का माल जब्त




डोंगरगढ़ (दावा)। राजनांदगांव पुलिस द्वारा अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार के विरुद्ध छेड़े गए अभियान के तहत डोंगरगढ़ थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने ग्राम मुरमुंदा निवासी एक युवक को अवैध रूप से गांजा बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया है।

आरोपी के पास से मादक पदार्थ, बिक्री की नगद राशि और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई है। पुलिस को 25 फरवरी को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि पिपरिया रोड स्थित शनि मंदिर के पास एक युवक अवैध रूप से गांजा बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के दिशा-निर्देशानुसार थाना प्रभारी संतोष जायसवाल ने टीम गठित कर तत्काल मौके पर घेराबंदी की। पुलिस ने संदिग्ध युवक हिमांशु कुमार बघेल (23 वर्ष) को पकड़कर जब उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से मादक पदार्थ बरामद हुआ।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 62,600 रुपये मूल्य की सामग्री बरामद की है। एक पॉलिथीन में लगभग 0.111 किलोग्राम गांजा (कीमत 500 रूपए), गांजा बिक्री से प्राप्त 2,100 नगद, तस्करी में उपयोग की जा रही सुजुकी जिक्सर मोटरसाइकिल (कीमत लगभग 60,000 रूपए) है। आरोपी हिमांशु बघेल के विरुद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक संतोष जायसवाल के साथ सहायक उपनिरीक्षक तुलाराम बांक, आरक्षक युगेंद्र देशमुख, राम खिलावन सिन्हा और किशन कुमार की प्रमुख भूमिका रही।

# छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने बजट को निराशाजनक बताया



**० कैशलेस चिकित्सा सुविधा का स्वागत परंतु पेंशन, वेतनमान व वेतन विसंगति पर निराशा**

डोंगरगढ़ (दावा)।छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने छत्तीसगढ़ सरकार के बजट को सहायक शिक्षकों के लिए निराशाजनक बताया है।छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू, जिला सचिव ओमप्रकाश साहू, जिला मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे ने छग शासन द्वारा प्रस्तुत बजट में शासकीय सेवकों के लिए कैशलेश चिकित्सा सुविधा और बजट प्रदान करने की घोषणा का स्वागत किया है परन्तु वेतन विसंगति पर बजट में प्रावधान न करने पर इसे सहायक शिक्षकों के हितों पर कुठाराघात बताया है। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कहा पेंशन हेतु शिक्षक एलबी संवर्ग की पूर्व सेवा की गणना न होना निराशाजनक है।

स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय खोले जाने का स्वागत करते हैं पर अन्य शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के साथ सुविधाओं व साधनों में पक्षपात न हो इसका भी ध्यान रखा जाना था।इसके पहले भी आत्मानंद स्कूल खोलकर अन्य शासकीय विद्यालय के बच्चे उपेक्षित रखे गए।अपेक्षा है इस बार ऐसा न हो। जर्जर स्कूलों के लिए नवीन विद्यालय भवन का निर्माण का निर्णय सराहनीय है परंतु सरकार को ये सुनिश्चित भी करना चाहिए कि पूर्व की तरह ये बजट भ्रष्टाचार की भेंट न चढ़ जाए। इसी तरह प्रदेश के कर्मचारियों को उम्मीद थी केंद्र के समान दर से समान तिथि से मंहगाई भत्ते की स्वीकृति व भुगतान की स्पष्ट नीति घोषित की जावेगी पर नहीं हुई। आठवें वेतनमान के संबंध में सुनिश्चित प्रक्रिया व कार्यवाही की घोषणा इस बजट में किये जाने की भी उम्मीद थी, परंतु नही हुई, जबकि केंद्र सरकार द्वारा इस पर आवश्यक कार्यवाही कर ली गई है।

**वेतन विसंगति पर मोदी की ग्यारंटी के तहत कार्रवाई करें प्रशासन**

वेतन विसंगति पर मोदी की ग्यारंटी के तहत कोई कदम न उठाया जाना सहायक शिक्षकों के साथ कुठाराघात है। इस प्रकार छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने बजट को निराशाजनक बताया है। प्रदेश के हजारों सहायक शिक्षक सरकार की उपेक्षा का शिकार हुए हैं। बजट को निराशाजनक बताने वालो में प्रांत संरक्षक मनीष कुमार मिश्रा,जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू, जिला सचिव ओमप्रकाश साहू, जिला मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे, मंजू देवांगन, मिलन साहू, ललित प्रताप सिंह, रोशन लाल साहू,बंदीश नेम पांडे, अमीन कुरैशी, अतुल यदु, हीरा लाल मौर्य,कीरत गणवीर, प्यारे लाल साहू,भरत साहू,सूरज शर्मा, डीषम तिवारी, खिलावन निर्मलकर, खिलावन ठाकुर, उमेश देशलहरा, चंद्रशेखर विजयवार, राजेश देवांगन,राजेश पंचभाई, मुकेश देवांगन, मनीष बडोले,डालेश्वर देवांगन, श्वेता श्रीवास्तव, लक्ष्मी देवांगन, देवेन्द्र कुमार खोबरागड़े, जितेन्द्र डहाट एवं अन्य पदाधिकारी शामिल हैं।

## उच्च गुणवत्ता तेंदूपत्ता के लिए शाखकर्तन आवश्यक - संजय सिन्हा



छुरिया (दावा)। विकासखंड के काष्ठागार डिपो सड़क चिरचारी में वन विभाग द्वारा आयोजित शाखकर्तन कार्यशाला में मुख्यरूप से संजय सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया व उभेराम मंडावी सदस्य जनपद पंचायत, छुरिया एसडीओ गंडेचा, हरी बली सिन्हा रेंजर बागनदी, प्रशिक्षु एसडीओ खिलारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुवात छत्तीसगढ़ महतारी की तैलचीत्र पर पूजा-अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि तेंदूपत्ता की गुणवत्ता के लिए शाखकर्तन प्रथम महत्वपूर्ण कार्य है। जड़ भंडार एवं 'रूट सकर' से प्राप्त छोटे पौधों को जमीन की सतह से ऊपर से काटे जाने की प्रक्रिया को शाखकर्तन (प्रूनिंग) कहा जाता है। आगे उन्होंने बताया कि शाखकर्तन के पश्चात अच्छा पत्ता कर्तन तिथि से 40-50 दिनों के अंदर तयार हो जाता है। तेंदूपत्ता एसडीओ गण्डेचा ने कहा कि शाखकर्तन 15 फरवरी से 15 मार्च तक पूरा कर लेना चाहिए। क्षेत्रीय जलवायु के अनुसार किया जाना चाहिए। शाखकर्तन के फलस्वरूप निकलने वाले पत्ते न केवल अधिक मात्रा के साथ-साथ स्वच्छ पत्ते भी आते है। इसकी कटाई फड़मुंशी, बिटगार्ड, समितियों के सदस्यों के द्वारा किया जाता है। ठूंठ काटने के लिए तेज धारदार कुल्हाड़ी का उपयोग की बात कही। जिससे ठूंठ छिन्न भिन्न न हो। इस हेतु पंचों, सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों से इस दिशा में सहयोग की भी अपील की है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पंच, सरपंच समिति के सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# महक नरवासे का सेंट्रल जोन में चयन



जिला क्रिकेट एसोसिएशन के लिए गौरव का क्षण

राजनांदगांव(दावा)। बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंतर्राज्यीय सीनियर महिला वनडे चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। इस ऐतिहासिक सफलता के साथ ही जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव की होनहार खिलाड़ी महक नरवासे का चयन सेंट्रल जोन की टीम में दूसरी बार हुआ है, जिससे जिले में हर्ष का वातावरण है।

### सातों लीग मैच जीतकर बनाया रिकॉर्ड

छत्तीसगढ़ प्रदेश क्रिकेट संघ की महिला टीम ने अपने सभी सातों लीग मुकाबले जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। ग्रुप में शीर्ष स्थान प्राप्त करने के बाद टीम ने नॉकआउट राउंड में मुंबई जैसी मजबूत टीम को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 26 तारीख को टीम सेमीफाइनल मुकाबला खेलेगी। लीग मैचों में राजनांदगांव की महक नरवासे, नेहा बड़वाईक एवं कुमुद साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### ऑलराउंड प्रदर्शन का मिला पुरस्कार

राजनांदगांव की जूनियर महिला खिलाड़ी महक नरवासे के प्रभावशाली ऑलराउंड प्रदर्शन को देखते हुए बीसीसीआई ने उन्हें लगातार दूसरी बार सेंट्रल जोन की टीम के लिए चुना है। आगामी माह देश के पांचों जोन की टीमें वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता की प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए आमने-सामने होंगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की कप्तान कीर्ति गुप्ता भी महक नरवासे के साथ सेंट्रल जोन टीम में शामिल की गई हैं।

### झूलन गोस्वामी ने दी बधाई

हाल ही में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी झूलन गोस्वामी ने महक नरवासे से मुलाकात कर उनके उत्कृष्ट खेल की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### जिले के लिए गर्व का विषय

जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि लगातार दूसरे वर्ष जिले की खिलाड़ी सेंट्रल जोन टीम में चयनित हुई है। इससे जिले की युवा महिला खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी और महिला क्रिकेट को नई दिशा प्राप्त होगी। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए सम्मान की बात है और भविष्य में भी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगी। जिला क्रिकेट एसोशिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी सचिव योगेश बागड़ी ने कहा कि, महक नरवासे की यह उपलब्धि बताती है कि छोटे शहरों की बेटियां भी यदि समर्पण और मेहनत से आगे बढ़ें तो राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकती हैं।

## आज चयनित वरिष्ठजनों को निःशुल्क जीवन सहायक उपकरण किया जाएगा प्रदान



डोंगरगढ़ (दावा)। नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ में गत 13 जनवरी 2026 दिन मंगलवार को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक कृषि उपज मंडी नया बस स्टैण्ड डोंगरगढ़ में जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन आफ इंडिया के निगमित सामाजिक दायित्व भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्क) जबलपुर द्वारा राजनांदगांव जिले के वरिष्ठजनों को निःशुल्क जीवन सहायक उपकरण प्रदाय करने हेतु मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें हितग्राहियों का चयन किया गया। चयनित हितग्राही दिनांक 26.02.2026, दिन गुरूवार को मंडी परिसर (विश्राम गृह के बाजू) डोंगरगढ़ में समय प्रातः 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक आयोजित होने वाले सहायक उपकरण वितरण शिविर में उपस्थित होकर अपना सहायक सामग्री प्राप्त करें।

## महिला बाल विकास अधिकारी की तानाशाही बिना कारण बताये नौकरी से हटाया लगाए गंभीर आरोप



डोंगरगांव (दावा)। महिला बाल विकास का मामला ग्राम अरसीटोला की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद में रह रही श्रीमति रत्नाकला धनकर निवासी अरसीटोला क्रमांक 01, 5/12/1999 नियक्ति सरिता कुंजाम सहाईका न्युक्ति 1999 कार्यकर्ता क्रमांक 201 जोकी इन को पद से हटा दिया गया बिना किसी कारण से आज जिला कलेक्टर राजनांदगाव मे श्रीमान कलेक्टर से जांच करने और कार्यवाही करने हेतु आवेदन दिया गया है, जो की विगत कई वर्षो से कर्मचारी है उनका ना ही मानदेय मिला है, वह 2 मार्च 2025 से अभी तक रुका है।

इस विषय में जनपद पंचायत की सी.ई.ओ का कहना है कि आप दोनों को आने वाले कुछ दिनों में महिला बाल विकास डोंगरगांव से पत्र मिल जायेगा प्राथी ने गाव के लोगों के ऊपर भी मानसिक प्रतारणा का भी आरोप लगाया है वही कलेक्टर ने निष्पक्ष जांच करने का अश्वासन दिया है।

## खनिज माफिया पर प्रशासन की सख्ती, अवैध परिवहन करते 6 वाहन जब्त





बालोद (दावा)। जिले में खनिजों के अवैध परिवहन पर प्रशासन लगातार शिकंजा कस रहा है। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा गुरूर एवं बालोद विकासखण्ड में औचक निरीक्षण कर कार्रवाई की गई।

निरीक्षण के दौरान खनिजों का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर कुल 06 वाहनों को जब्त किया गया। जिला खनिज अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जब्त वाहनों में 05 वाहन खनिज रेत एवं 01 वाहन मिट्टी (ईंट) के अवैध परिवहन में संलग्न थे। कार्रवाई के तहत 02 वाहनों को थाना/आरक्षी केन्द्र मरकाटोला कैम्प, 01 ट्रेलर एवं 01 ट्रैक्टर को थाना बालोद तथा 01 माजदा एवं 01 ट्रैक्टर को थाना गुरूर की अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया है। इन सभी प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले की खनिज संपदा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भविष्य में भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन और परिवहन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।

## संत गरीबदास जी महाराज का बोध दिवस आज से, सतलोक आश्रमों में जुटेंगे लाखों श्रद्धालु

**देशभर के आश्रमों में तीन दिवसीय आयोजन, अमरवाणी पाठ और विशाल भंडारे की तैयारी**

खुज्जी (दावा)। जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के सान्निध्य में संत गरीबदास महाराज के बोध दिवस 26, 27 व 28 फरवरी 2026 को देशभर के समस्त सतलोक आश्रमों द्वारा भव्य आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर मुख्य आयोजन स्थल सतलोक आश्रम श्री धनाना धाम, हरियाणा रहेगा। इसके साथ ही सतलोक आश्रम कुरुक्षेत्र (हरियाणा), सतलोक आश्रम मुंडका (दिल्ली), सतलोक आश्रम इंदौर, सतलोक आश्रम बैतूल, सतलोक आश्रम शामली (उत्तर प्रदेश), सतलोक आश्रम सीतापुर (उत्तर प्रदेश), सतलोक आश्रम धनगढ़ी (महाराष्ट्र), सतलोक आश्रम सुमराना (राजस्थान), सतलोक आश्रम सिरसा (हरियाणा), सतलोक आश्रम धूरी (पंजाब), सतलोक आश्रम खरड़ (पंजाब) तथा सतलोक आश्रम नेपाल सहित अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन सभी सतलोक आश्रमों में संत गरीबदास जी महाराज की अमरवाणी का पाठ, सत्संग प्रवचन, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता अभियान तथा विशाल भंडारे की व्यवस्था की जाएगी। आयोजकों के अनुसार इस पावन अवसर पर लाखों श्रद्धालु भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करेंगे।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री में प्रवेश के लिए 5 मार्च तक आवेदन

राजनांदगांव (दावा)। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री में पार्श्व प्रवेश (लैटरल एण्ट्री) अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 7वीं, 8वीं एवं 9वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी 5 मार्च 2026 तक विद्यालय के कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है। प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन 7 मार्च 2026 को विद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा।

कक्षा 11वीं में रिक्त रहने वाली सीटों में प्रवेश कक्षा 10वीं में परीक्षा परिणाम के आधार पर प्रदान किया जाएगा। पार्श्व प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की आयु की गणना प्रवेश वर्ष के 31 मार्च एवं 1 अप्रैल को आधार मानकर की जाएगी। कक्षा 7वीं के लिए 11 से 14 वर्ष, कक्षा 8वीं के लिए 12 से 15 वर्ष, कक्षा 9वीं के लिए 13 से 16 वर्ष, कक्षा 11वीं के लिए 11 से अधिकतम 18 वर्ष तक पात्रता होगी। अभिभावक एवं विद्यार्थी इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय समय में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री के कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

## मोहारा पुलिस ने 52 पौवा जम्मू स्पेशल व्हिस्की शराब और स्कूटी को किया जप्त



शराब कोचियों के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी - चौकी प्रभारी, सुमेंद्र कुमार खरे

डोंगरगढ़/मोहारा (दावा)। शराब कोचिया ऊधोराम टांडेकर एवं करन सिन्हा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपीगण के कब्जे से कुल 52 पौवा जम्मू स्पेशल व्हिस्की शराब और स्कूटी को जप्त किया गया।

57 वर्षीय आरोपीगण ऊधोराम टांडेकर पिता स्व बहादुर टांडेकर ग्राम ढारा एवं 19 वर्षीय करन सिन्हा पिता नन्हू सिन्हा ग्राम मुढ़ीपार के निवासी है। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन पर अति. पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ केसरी नंदन नायक के दिशा निर्देश पर जिले में अवैध शराब, सट्टा, गांजा की रोकथाम हेतु लगातार विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में उप निरीक्षक सुमेंद्र कुमार खरे चौकी प्रभारी मोहारा के नेतृत्व में मुखबीर सूचना के आधार पर ढारा के आरोपी ऊधोराम के खेत के पास से अवैध रूप से शराब परिवहन करते पाये जाने से आरोपी के कब्जे से 52 पौवा जम्मू स्पेशल व्हिस्की शराब कीमती 6200 रूपये जप्त कर एवं अवैध शराब परिवहन के लिए उपयोग किया गया स्कूटी कीमती 80000 रू. को जप्त किया गया। आरोपीगण के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लेकर आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। आरोपीगण को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

## सामाजिक जागरूकता से ईसाई धर्म छोड़कर मूल हिन्दू धर्म में हुई वापसी किया ग्रामीण ने - गिरवर साहू



डोंगरगढ़(दावा)। लालबहादुर नगर तहसील साहू संघ के द्वारा सामाजिक जागरूकता अभियान के तहत घर वापसी का कार्यक्रम परिक्षेत्रीय साहू समाज कोलिहापुरी के अंतर्गत ग्राम डूंडेरा में साहू समाज के लोकेश साहू पिता संतु राम साहू के द्वारा पिछले आठ साल से हिन्दू धर्म को छोड़ कर ईसाई धर्म अपना लिया था। जब ग्रामीण साहू समाज को जानकारी प्राप्त हुई तब लोकेश साहू को मानने को तैयार नहीं हुआ तब साहू समाज के उच्च पदाधिकारियों की सक्रियता से ग्राम डूंडेरा में तहसील एवं परिक्षेत्रीय साहू समाज के पदाधिकारी एवम ग्रामीण साहू समाज के लोग उपस्थित होकर लोकेश साहू को हिन्दू धर्म और साहू समाज के बारे में विस्तार से समझाया जिसे लोकेश साहू ने समझा और अपने मूल हिन्दू धर्म मे वापसी के लिए अपनी सहमति दी।

इस घर वापसी कार्यक्रम मुख्य भूमिका तहसील साहू संघ लाल बहादुर नगर अध्यक्ष गिरवर साहू जिला साहू संघ राजनांदगांव कोषाध्यक्ष नोबल साहू तहसील साहू संघ लाल बहादुर नगर कोषाध्यक्ष कमलेश साहू तहसील साहू संघ लाल बहादुर नगर सचिव रामाधीन साहू तहसील साहू संघ लाल बहादुर नगर महिला संगठन सचिव श्रीमती उमा साहू, तहसील साहू संघ लाल बहादुर नगर युवा प्रकोष्ठ मनोज साहू, परिक्षेत्र साहू समाज कोलिहापुरी अध्यक्ष अश्वनी साहू, परिक्षेत्र साहू समाज कोलिहापुरी कोषाध्यक्ष पवन साहू, परिक्षेत्र साहू समाज कोलिहापुरी उपाध्यक्ष जगदीश साहू, परिक्षेत्र साहू समाज कोलिहापुरी सचिव मुकेश साहू, परिक्षेत्र साहू समाज कोलिहापुरी महिला उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री साहू परिक्षेत्र साहू समाज कोलिहापुरी संगठन सचिव संतोष साहू एवं सुखदेव साहू लीलाराम साहू लेखराम साहू समारु साहू प्रकाश साहू दौलत साहू विष्णु साहू भैरव साहू सलेखा साहू भिखू राम साहू एवं साहू समाज के सभी व्यक्ति एवं अन्य ग्रामीण बंधु उपस्थित रहे।

## नन्हे सितारों ने बिखेरी चमक : छुरिया ब्लॉक के 17 विजेता विद्यार्थी हुए सम्मानित



कविता और कहानी वाचन में बच्चों ने दिखाया दम, जिला स्तर पर भी छुरिया का नाम किया रोशन

छुरिया (दावा)। नन्हे सितारे कार्यक्रम के अंतर्गत आज ब्लॉक छुरिया के ब्लॉक स्तरीय विजेताओं को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा विभाग एवं ओपन लिंक फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के तहत कविता वाचन, कहानी वाचन, स्पेलिंग बी तथा स्पोकन इंग्लिश जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यालय स्तर से लेकर ब्लॉक एवं जिला स्तर तक किया गया। ब्लॉक स्तर पर चयनित 19 विद्यार्थियों में से प्रतिभागियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चुना गया। जिसका आयोजन 7 फरवरी को बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल में किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा समूह 1-3 के अंतर्गत कविता वाचन में दो विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्लॉक का नाम गौरवान्वित किया। आज आयोजित सम्मान समारोह में ब्लॉक स्तर के 17 विजेता विद्यार्थियों को आदरणीय सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी पीडी साहू द्वारा सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताएं कक्षा समूह 1-3, 4-5 एवं 6-8 के आधार पर आयोजित की गई थी। इस अवसर पर एबीईओ महोदय ने सभी ब्लॉक एवं जिला स्तरीय विजेताओं को बधाई दी।

## डौण्डीलोहारा के परीक्षा केंद्रों पर उड़नदस्ता का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं दुरुस्त, नकल पर प्रशासन की सख्ती



बालोद (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल मुख्य परीक्षा 2026 (कक्षा 10वीं) के दूसरे दिन जिला प्रशासन की सख्ती स्पष्ट रूप से नजर आई। जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल ने डौण्डीलोहारा विकासखंड के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय दुधली, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़गांव, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय डौण्डीलोहारा तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमकापार का गहन निरीक्षण किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका तिवारी ने परीक्षा कक्षों में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें पूरी ईमानदारी एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने की सलाह दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान किसी भी केंद्र में नकल या अनुचित साधनों के उपयोग का कोई मामला सामने नहीं आया। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और पारदर्शी ढंग से संचालित होती पाई गई।

उड़नदस्ता दल में सहायक परियोजना समन्वयक लेखराम साहू, जिला खेल समन्वयक सपन जेना, व्यायाम शिक्षक सुरेश शांडिल्य एवं व्यायाम शिक्षिका सुश्री आदिला खान शामिल रहे। जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया तथा आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**छग विधानसभा: सीएम बोले-बस्तर को....**

हेरोइन, अफीम, डोडा, नशीली गोलियां की तस्करी पर लगाम लगाना अब असंभव सा हो गया है, अवैध तस्करी की घटनाऐं बढ़ती ही जा रही हैं।

0 तस्करों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई- चंद्राकर

चंद्राकर ने आगे कहा कि प्रदेश में बीते 4 माह में ही कई तस्करी की घटना घटित हुई हैं। 31 जनवरी, 2025 को राजधानी रायपुर व दुर्ग-भिलाई अंतर्गत ही कई पान की दुकाने सूखे नशे से संबंधित गोगो स्मोकिंग कोन, रोलिंग पेपर और परफेक्ट रोल की बिक्री का मामला सामने आया था। इसके साथ-साथ प्री रोल्ड कोन्स, मंकी किंग, ग्लास बॉन्ग, क्रशर फिल्टर टिप्स फ्लेवर हुक्का कोल, आदि ऑनलाइन बेची जा रही है। बिलासपुर शहर के हर चौक-चौराहे में गांजा, इंजेक्शन, कैप्सूल, सिरप इत्यादि आसानी से उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के आरक्षक ही ऐसे नशील पदार्थों की बिक्री कर रहे हैं। 11 फरवरी, 2026 को टिकरापारा थाना अंतर्गत आरक्षक द्वारा खुले आम हेरोइन बेच रहा था। प्रशासन इन अवैध तस्करों को रोकने में असमर्थ रहा है। इसके साथ-साथ तस्करों पर कड़ी कार्रवाई तक नहीं की गई। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मैक्सिको की बात आपने बताई। हमारे देश में ऐसी स्थिति नहीं है और ना कभी होगी। अवैध मामलों पर लगातार की जा रही है। प्रदेश में भर छापे की कार्रवाई भी हो रही है। पुलिस की ओर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जब्ती की कार्रवाई हुई है। आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है। यह आरोप सही नहीं है कि प्रशासन फेल है। गृहमंत्री शर्मा ने बताया कि टिकरापारा में आरोपी आरक्षक से हेरोईन एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध किया गया है। प्रकरण में 1 अन्य आरोपी से 5.5 ग्राम हेरोईन (चिट्टा) और 1 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तारी करते हुए प्रकरण में धारा 25 आर्म्स एक्ट भी जोड़ा गया है।

0 2342 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया

विजय शर्मा ने बताया कि राज्य में वर्ष 2025 में अवैध मादक पदार्थ तस्करी के कुल 1288 प्रकरणों में 2342 आरोपियों को गिफ्तार कर उनसे गांजा 16999.7 किग्रा, ब्राउन शुगर 141 ग्राम, अफिम 1259 ग्राम, हेरोईन 2.039 कग्रा, चरस 27.68 ग्राम, कोकिन 23.56 ग्राम, एमडीएमए 70.46 ग्राम, डोडा 1524 किग्रा, हशीश तेल 0.432 किग्रा और 241138 नग अन्य नशीली दवाइयां जब्त किया गया है। साल 2026 में (31 जनवरी 2026 तक) कुल 146 प्रकरणों में 257 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे गांजा 3090 किग्रा, ब्राउन शुगर 8.85 ग्राम, अफिम 277.2 ग्राम, हेरोईन 123.8 ग्राम, डोडा 15.29 किग्रा, नशीली दवाईयां 59270 नग जब्त किया गया है। विजय शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने नशीले पदार्थों पर रोक लगाने के लिए सभी जिलों में टास्क फोर्स बनाई है। साथ ही 10 जिलों में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के लिए 100 नए पदों को मंजूरी दी गई है। साल 2025 में 16 आरोपियों की करीब 13.29 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त या फ्रीज की गई है। वहीं, 2024 से 31 जनवरी 2026 तक 145 आदतन आरोपियों पर PIT-NDPS एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

0 लखमा बोले- नक्सलवाद पर कार्रवाई, लेकिन नया डर

बस्तर से कांग्रेस विधायक कवासी लखमा ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान अपनी बात रखी। उन्होंने करीब 25 मिनट तक सरकार की नीतियों और बस्तर के मुद्दों पर चर्चा की। लखमा ने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए केंद्र और राज्य सरकार को धन्यवाद देना चाहिए। अच्छा काम हो तो उसकी तारीफ होनी चाहिए। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि अब आदिवासी समाज के मन में एक नया डर पैदा हो गया है। उन्हें चिंता है कि जंगल बचेगा या नहीं, अबूझमाड़ और बैलाडीला सुरक्षित रहेंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के लिए जंगल सिर्फ जमीन नहीं है, बल्कि आस्था और जीवन का आधार है।

**मारे जाते पाकिस्तानी पीएम....**

उन्होंने सुलझाने का दावा किया। इनमें भारत-पाकिस्तान के अलावा इजरायल-ईरान, आर्मेनिया-अजरबैजान और सर्बिया-कोसोवो जैसे बड़े विवाद शामिल थे। ट्रंप ने कहा कि उनके दूसरे कार्यकाल के पहले 10 महीनों में ही दुनिया के कई हिस्सों में शांति कायम हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि अब वे रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करने के बेहद करीब हैं। हालांकि, ट्रंप के इन दावों के बीच भारत का रुख हमेशा साफ रहा है। भारत ने बार-बार कहा है कि पाकिस्तान के साथ किसी भी मुद्दे पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की जरूरत नहीं है। पिछले साल हुए संघर्ष विराम को भी भारत ने द्विपक्षीय बातचीत का नतीजा बताया था। इसके बावजूद, ट्रंप ने अमेरिकी संसद के मंच से खुद को दुनिया का रक्षक बताते हुए इस घटना को अपनी सबसे बड़ी कूटनीतिक जीत के रूप में पेश किया है।

**मोदी ने इजराइली संसद में हमास....**

एयरपोर्ट पर ही दोनों नेताओं के बीच निजी बातचीत भी हुई। इसके बाद पीएम मोदी होटल पहुंचे, जहां प्रवासी भारतीयों ने उत्साह के साथ स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और देशभक्ति गीतों ने माहौल को और खास बना दिया। यह पीएम मोदी का इज़राइल का दूसरा दौरा है। इससे पहले वे जुलाई 2017 में तेल अवीव पहुंचे थे। 9 साल बाद हो रही यह यात्रा रक्षा, तकनीक, कृषि और रणनीतिक साझेदारी को नई मजबूती देने वाली मानी जा रही है। अब सबकी नजरें नेसेट में होने वाले उनके ऐतिहासिक संबोधन पर टिकी हैं। इजरायल में किसी विदेशी राष्ट्र प्रमुख के स्वागत के लिए प्रधानमंत्री का उनकी पत्नी के साथ हवाई अड्डे पर पहुंचना एक बड़ा सम्मान माना जाता है। सारा नेतन्याहू ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया और इस दौरान तीनों के बीच अनौपचारिक बातचीत भी हुई। इजरायली मीडिया के अनुसार, यह विशेष सम्मान केवल उन वैश्विक नेताओं को दिया जाता है जिन्हें इजरायल अपना सबसे करीबी और विश्वसनीय मित्र मानता है। इस यात्रा का उद्देश्य भारत और इजरायल के बीच रक्षा और व्यापारिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, दोनों नेता तेल अवीव में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे, जिसमें लेजर-आधारित हवाई रक्षा प्रणाली, उन्नत ड्रोन तकनीक और साइबर सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषयों पर चर्चा होगी। भारत इजरायल के साथ अपने व्यापार घाटे को कम करने और मेक इन इंडिया के तहत संयुक्त रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बड़े समझौतों पर हस्ताक्षर कर सकता है। पीएम मोदी और नेतन्याहू की मुलाकात के दौरान गाजा की मौजूदा स्थिति और मध्य पूर्व में चल रहे संघर्षों पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। भारत ने हमेशा से ही बातचीत के जरिए समाधान और मानवीय सहायता की वकालत की है। इस दौरान भारत द्वारा प्रस्तावित हेक्सागन एलायंस और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए नए सुरक्षा ढांचे पर भी गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि पीएम मोदी की यह यात्रा मध्य पूर्व की शांति प्रक्रिया में भारत की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाएगी। यह दौरा 2017 के बाद पीएम मोदी की दूसरी इजरायल यात्रा है, जिसे संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। एयरपोर्ट पर अपने संक्षिप्त संबोधन में नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल भारत के साथ अपने संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

**छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट को बम...**

को रवाना किया गया। बम स्क्वायड ने हाई कोर्ट पहुंचकर अपना काम शुरू कर दिया। बम स्क्वायड दस्ते ने परिसर के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली। साथ ही संदिग्ध वस्तुओं की जांच की गई। करीब तीन घंटे तक पुलिस के अधिकारियों के साथ ही बम स्क्वायड परिसर की तलाशी में जुटा रहा। करीब दो महीने पहले बिलासपुर जिला न्यायालय को संदिग्ध मेल मिली थी। इसमें जिला न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसके बाद पुलिस की टीम ने सक्रिय होकर जिला न्यायालय परिसर में तलाशी अभियान चलाया था। इसके बाद मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ सिविल लाइन थाने में शिकायत की गई। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच अब भी चल रही है। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, सरगुजा, धमतरी और जगदलपुर कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसके अलावा बुधवार को बलौदाबाजार कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मेल से भेजी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने हर बार व्यापक तलाशी अभियान चलाया। हर बार धमकी फर्जी मिली। हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस की टीम सक्रिय हो गई। जांच में कुछ नहीं मिला है। इसके बावजूद कोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**कृषि मंत्री की दो टूक: किसानों का.....**

पर सख्त रोक लग सके। इसके साथ ही, अनुसंधान और विस्तार के बीच सेतु का काम करने वाले कृषि विज्ञान केंद्रों को जिले के कृषि रिफॉर्म कमांड सेंटर के रूप में सशक्त किया जाएगा। इस आयोजन में कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी और आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम. एल. जाट सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इन नई नीतियों और तकनीकों को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए सरकार खरीफ सीजन से पहले, अप्रैल माह से विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू करेगी। इस अभियान के तहत वैज्ञानिक सीधे लैब से खेत तक जाकर किसानों को आधुनिक कृषि और नई शोध उपलब्धियों के प्रति जागरूक करेंगे।

**एनसीईआरटी किताब विवाद....**

भ्रष्टाचार के मुद्दे को पाठ्यपुस्तक में शामिल करना ही था, तो इसे कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका - तीनों अंगों से संबंधित होना चाहिए था। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने बुधवार को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की नई पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के संदर्भों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि किसी को भी इस संस्था को बदनाम या अपमानित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह मामला मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के सामने तब आया, जब वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने संशोधित पाठ्यपुस्तक की विषयवस्तु पर चिंता व्यक्त की। सिब्बल ने कहा कि कानूनी बिरादरी के सदस्य इस बात से बहुत चिंतित थे कि स्कूली बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा था। उन्होंने इसे पूरी तरह से निंदनीय बताया। वरिष्ठ वकील ने शीर्ष अदालत को बताया, इस संस्था के सदस्य होने के नाते हमें यह जानकर गहरा दुख हुआ है कि कक्षा 8 के बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा है। संस्था से हमारा गहरा संबंध है। हमारे पास पुस्तक की प्रतियां मौजूद हैं। इसके जवाब में, मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि वह पहले से ही इस विवाद से अवगत थे और उन्हें न्यायपालिका के सदस्यों से इस मामले पर चिंता व्यक्त करने वाले कई पत्र प्राप्त हुए थे।

**अनिल अंबानी पर ईडी की बड़ी....**

अनिल अंबानी (66 वर्ष) को जल्द ही संघीय जांच एजेंसी के सामने पेश होना पड़ सकता है। इससे पहले अगस्त 2025 में भी अनिल अंबानी ईडी के सामने पेश हुए थे। उस समय पीएमएलए के तहत उनका विस्तृत बयान दर्ज किया गया था। अब जांच के दूसरे दौर में उनसे इस बैंक धोखाधड़ी और संपत्ति से जुड़े कड़े सवाल पूछे जाने की उम्मीद है। अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस लंबे समय से कर्ज के संकट और अदालती कार्रवाइयों का सामना कर रही है।

# बजट में किसान, युवा, महिलाएं, आदिवासी के अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति साथ-साथ ओबीसी वर्ग के उत्थान पर विशेष ध्यान - भाजपा

# सरकार ने 'संकल्प' थीम के नाम पर सिर्फ नारेबाजी की है, जबकि बजट में आम जनता को कोई ठोस राहत नहीं - कांग्रेस

**राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा जारी किये गये बजट में किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती के साथ ही महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता तथा शिक्षा एवं युवा विकास पर विशेष फोकस करते हुए मुख्यमंत्री मिशन के तहत खेलों के नए अधोसंरचना के निर्माण के लिए 100 करोड़ की घोषणा खिलाड़ीयों और खेल संघो के लिए बहुत अच्छी घोषणा को भाजपा ने सराहा तो वहीं कांग्रेस ने इसे जनता को सपनों का झुनझुना, जमीनी हकीकत में खाली खजाना तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और सिंचाई जैसी बुनियादी जरूरतों के प्रति बजट में गंभीरता नहीं व आंकड़ों में बड़ा, जमीनी हकीकत से कटा हुआ है लोकलुभावन के साथ आंकड़ों में बड़ा, जमीनी हकीकत से कटा हुआ है लोकलुभावन बजट बताया है।**

## सभी वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया आम जनता का बजट - विनोद श्रीरंगे



राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ में जारी किये गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा कार्यकर्ता विनोद श्रीरंगे ने कहा कि, भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को छत्तीसगढ़ में साकार करने के लिए कृतसंकल्पित है। इस बजट में किसान, युवा, महिलाएं, आदिवासी के अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति साथ-साथ ओबीसी वर्ग के उत्थान पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग समाज की रीढ़ हैं, और उनकी प्रगति से ही प्रदेश मजबूत होगा। विनोद श्रीरंग ने आगे कहा कि, रायपुर में ओबीसी छात्राओं के लिए 200 सीट का आधुनिक छात्रावास जहाँ हमारी बेटियां अब बेफिक्र होकर पढ़ाई कर सकेंगी। अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के लिए 80 करोड़ का मजबूत प्रावधान ओबीसी समुदाय के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण को नई गति मिलेगी। पोस्ट मैट्रिक स्तर पर छात्रावासों का विस्तार रायपुर, मनेंद्रगढ़, रायगढ़ में 100-100 सीटें जहाँ दूर-दराज के ओबीसी छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। विनोद श्रीरंगे ने कहा कि इस बजट से ना सिर्फ प्रदेश को आर्थिक मजबूती मिलेगी बल्कि पंक्ति के आखरी व्यक्ति तक हर योजनाओं का लाभ पहुंचेगा।

## शिक्षा, स्वास्थ्य और बेरोजगारी पर सरकार मौन-मनराखन देवांगन



खैरागढ़ (दावा)। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने विधानसभा में प्रस्तुत राज्य बजट को जमीनी हकीकत से कटा हुआ बताते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बजट का आकार बढ़ा देना विकास का प्रमाण नहीं होता, असली कसौटी यह है कि प्राथमिकताएं किसके हित में तय की गई हैं। यह बजट आंकड़ों में बड़ा जरूर है लेकिन आमजन की वास्तविक जरूरतों को पर्याप्त स्थान नहीं देता। देवांगन ने कहा कि प्रदेश की लगभग 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, फिर भी किसानों की आय बढ़ाने, खेती की लागत कम करने और सिंचाई विस्तार के स्पष्ट लक्ष्य तय नहीं किए गए। गांवों की आर्थिक रीढ़ मजबूत किए बिना प्रदेश के विकास का दावा खोखला है।5 उन्होंने कांग्रेस सरकार की गौठान योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजना गोवंश सुरक्षा के साथ-साथ ग्रामीण स्वावलंबन का सशक्त माध्यम बनी थी। गौठानों के माध्यम से स्थानीय रोजगार और आर्थिक गतिविधियां बढ़ी थीं, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार ने इसे बंद कर दिया। गोवंश को पूजनीय बताने वाली सरकार के बजट में गौठान या उसके विकल्प का उल्लेख तक नहीं होना ग्रामीण हितों की अनदेखी है। मनराखन देवांगन ने शिक्षा क्षेत्र को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हजारों शासकीय पद रिक्त पड़े हैं, लेकिन भर्ती की ठोस योजना सामने नहीं आई। डी.एड. प्रशिक्षित अभ्यर्थी महीनों से राजधानी में प्रदर्शन कर रहे हैं, पर बजट में उनके लिए कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। स्कूलों में शिक्षकों की कमी और अधोसंरचना की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं।मेडिकल कॉलेज विस्तार के नाम पर सीमित राशि रखी गई है जबकि वास्तविक लागत कहीं अधिक है। जिला अस्पतालों में डॉक्टरों और संसाधनों की कमी है, लेकिन स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए पर्याप्त बजट आवंटन नहीं दिखता। ग्रामीण अंचलों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत करने की ठोस योजना का अभाव है। मनराखन देवांगन ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी गंभीर समस्या है, पर रोजगार सृजन की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत नहीं की गई। संविदा कर्मचारी नियमितीकरण की मांग कर रहे हैं, रसोइया संघ हड़ताल पर है, लेकिन बजट में उनके लिए ठोस निर्णय का अभाव है। महिलाओं को 500 में सिलेंडर देने संबंधी भी कोई उल्लेख नहीं किया गया। अंत में उन्होंने कहा कि यह बजट संतुलित और समावेशी विकास की दिशा तय नहीं करता। जब तक गांव, किसान, युवा, महिला और कर्मचारी वर्ग को केंद्र में रखकर ठोस निर्णय नहीं लिए जाएंगे, तब तक विकास के दावे केवल कागजों तक सीमित रहेंगे।

## बजट 2026-27 'संकल्प' या सिर्फ आंकड़ों का खेल -राकेश जोशी




राजनांदगांव (दावा)। राकेश जोशी ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के बजट को पूरी तरह जनविरोधी और दिशाहीन बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट बड़े-बड़े दावों और आकर्षक शब्दों से सजा हुआ है, लेकिन जमीनी हकीकत से इसका कोई सरोकार नहीं है। राकेश जोशी ने आरोप लगाया कि सरकार ने 'संकल्प' थीम के नाम पर सिर्फ नारेबाजी की है, जबकि बजट में आम जनता को कोई ठोस राहत नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपये के बजट आकार का ढिंढोरा पीटा जा रहा है, लेकिन राजस्व घाटा 2,000 करोड़ और वित्तीय घाटा 20,400 करोड़ रुपये तक पहुंचना सरकार की आर्थिक विफलता को दर्शाता है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि किसानों के लिए 10,000 करोड़ की 'कृषक उन्नति योजना' का प्रावधान केवल कागजी है। प्रदेश में खाद, बीज और समर्थन मूल्य की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। वहीं युवाओं के लिए घोषित योजनाएं भी सिर्फ घोषणाओं तक सीमित हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सहायता योजना का बजट बहुत सीमित है, जिससे लाखों युवाओं को वास्तविक लाभ भी नहीं मिल पाएगा। महिलाओं के नाम पर महतारी वंदन योजना' में 8,200 करोड़ रुपये का प्रावधान दिखाया गया है, लेकिन महंगाई और बेरोजगारी की मार झेल रही महिलाओं के लिए कोई स्थायी आर्थिक सशक्तिकरण नीति नजर नहीं आती। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट प्रदेश की 3 करोड़ जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता। सरकार ने सामाजिक सुरक्षा, रोजगार सृजन और महंगाई नियंत्रण जैसे अहम मुद्दों पर कोई ठोस रणनीति नहीं दी है।

अंत में राकेश जोशी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस बजट का विरोध करती है और जनता के हितों की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेगी। यह बजट विकास का नहीं, बल्कि भ्रम और प्रचार का दस्तावेज है।

## जनता की अपेक्षाओं से दूर है बजट - धर्मेंद्र साहू



छुरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा राज्य का आम बजट प्रस्तुत किए जाने के बाद राजनीतिक प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं। बजट को लेकर छुरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि प्रस्तुत बजट जनता की वास्तविक आवश्यकताओं और अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता। धर्मेंद्र साहू ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार का यह बजट जमीनी समस्याओं से कटा हुआ प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, किसानों की आर्थिक स्थिति और मजदूर वर्ग की परेशानियों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। उनके अनुसार बजट में रोजगार सृजन के ठोस प्रावधानों की कमी दिखती है, जिससे युवाओं को निराशा हाथ लग सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा किए गए चुनावी वादों और गारंटी के दावों के अनुरूप बजट में स्पष्ट दिशा और ठोस योजनाएं दिखाई नहीं देती। धान किसानों के समर्थन मूल्य, बोनस, सिंचाई सुविधाओं और ग्रामीण विकास के मुद्दों पर भी अपेक्षित प्रावधान नहीं किए गए हैं।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में व्यापक सुधार की आवश्यकता है, लेकिन बजट में इन क्षेत्रों के लिए पर्याप्त संसाधन आवंटन स्पष्ट रूप से परिलक्षित नहीं होता। उन्होंने सरकार से मांग की कि आम जनता, किसान, मजदूर और युवाओं की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए नीतियों में संशोधन किया जाए। साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाते हुए बजट के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलुओं का अध्ययन करेगी तथा जनहित के मुद्दों को विधानसभा से लेकर सड़क तक उठाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि विपक्ष का उद्देश्य केवल आलोचना करना नहीं, बल्कि जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाना है। प्रदेश बजट को लेकर अब राजनीतिक बहस और तेज होने के संकेत मिल रहे हैं। वहीं आम जनता की निगाहें इस पर टिकी हैं कि प्रस्तुत प्रावधानों का वास्तविक लाभ उन्हें किस प्रकार और कब तक मिलेगा।

## आंकड़ों में बड़ा, जमीनी हकीकत से कटा हुआ है लोकलुभावन बजट - यशोदा नीलाम्बर वर्मा विधायक



खैरागढ़ (दावा)। विधानसभा में प्रस्तुत राज्य बजट को लेकर विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बजट में नए जिलों के लिए प्रावधान किए गए हैं, लेकिन प्रदेश के सभी नए जिले के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। साथ ही केसीजी जिले को भी अछुता छोड़ दिया गया है। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने आरोप लगाया कि यह बजट केवल लोकलुभावन घोषणाओं तक सीमित है। पिछले वर्ष घोषित योजनाओं का लगभग 50 प्रतिशत कार्य स्वीकृत नहीं हो पाया फिर भी नई घोषणाएं कर जनता को गुमराह किया जा रहा है। यशोदा वर्मा ने कहा कि प्रदेश की लगभग 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, लेकिन किसानों की आय बढ़ाने, खेती की लागत कम करने और सिंचाई विस्तार के लिए स्पष्ट लक्ष्य तय नहीं किए गए। उन्होंने कहा गांवों की आर्थिक रीढ़ मजबूत किए बिना विकास का दावा खोखला है। विधायक यशोदा वर्मा ने कांग्रेस सरकार की गौठान योजना का जिक्र करते हुए कहा कि यह योजना गोवंश संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण रोजगार का मजबूत माध्यम बनी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने योजना बंद कर दी और बजट में गौठान या उसके विकल्प का उल्लेख तक नहीं है जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है। हजारों शासकीय पद रिक्त, भर्ती की कोई स्पष्ट योजना नहीं, डी.एड. एवं बी.एड. प्रशिक्षित अभ्यर्थियों के लिए कोई प्रावधान नहीं, राजधानी में महीनों से प्रदर्शन के बावजूद समाधान नहीं यशोदा वर्मा ने कहा कि स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी और अधोसंरचना की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं।

उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज विस्तार के नाम पर सीमित राशि रखी गई है, जबकि वास्तविक लागत कहीं अधिक है। जिला अस्पतालों में डॉक्टरों और संसाधनों की कमी है तथा ग्रामीण अंचलों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की कोई ठोस योजना नजर नहीं आती।रोजगार सृजन की स्पष्ट रूपरेखा का अभाव, संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण पर चुप्पी, रसोइया संघ की मांगों पर निर्णय नहीं 500 में सिलेंडर योजना का उल्लेख नहीं विधायक ने कहा कि जब तक गांव, किसान, युवा, महिला और कर्मचारी वर्ग को केंद्र में रखकर ठोस निर्णय नहीं लिए जाएंगे, तब तक विकास के दावे कागजों तक ही सीमित रहेंगे। अंत में विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने कहा कि बजट का आकार बढ़ा देना विकास का प्रमाण नहीं होता। असली कसौटी यह है कि प्राथमिकताएं किसके हित में तय की गई हैं। उन्होंने इसे असंतुलित और जमीनी जरूरतों से कटा हुआ बजट करार दिया।

## आंकड़ों में बड़ा, जमीनी हकीकत से कटा हुआ है लोकलुभावन बजट - विधायक भोलाराम साहू



राजनांदगांव (दावा)। राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत नवीन बजट पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि यह बजट आम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में पूरी तरह विफल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बढ़ती महंगाई और लगातार बढ़ रही बेरोजगारी से जूझ रही जनता को इस बजट से कोई ठोस राहत नहीं मिली। विधायक साहू ने कहा कि प्रदेश के युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं, किंतु बजट में रोजगार सृजन के लिए कोई ठोस एवं प्रभावी प्रावधान नहीं किया गया है। केवल घोषणाओं और आंकड़ों से वास्तविक स्थिति नहीं बदलती। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि लागत लगातार बढ़ रही है, खाद, बीज और डीजल के दामों में वृद्धि से किसान परेशान हैं, लेकिन बजट में किसानों को राहत देने के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं दिखाई देता। विधायक साहू ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर गंभीरता से काम करने के बजाय सरकार ने केवल दिखावटी घोषणाएं की हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार जनता की वास्तविक समस्याओं को समझते हुए ठोस नीतिगत निर्णय ले, ताकि प्रदेश के युवाओं, किसानों और मजदूरों को वास्तविक लाभ मिल सके।

## छत्तीसगढ़ बजट 2026 विकास, विश्वास और समृद्धि का सशक्त संकल्प-रवि सिन्हा



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की विधानसभा में आज प्रस्तुत बजट को ऐतिहासिक बताते हुए भाजपा पार्षद एवं अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय रवि सिन्हा ने कहा कि यह बजट मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश को 'विकसित छत्तीसगढ़' बनाने की दिशा में ठोस और दूरदर्शी पहल है। वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्तुत यह बजट हर वर्ग के कल्याण और संतुलित विकास का प्रतीक है। रवि सिन्हा ने कहा कि लगभग 1.80 लाख करोड़ से अधिक के इस बजट में किसानों, महिलाओं, युवाओं, विद्यार्थियों और गरीब वर्गों के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है। कृषि क्षेत्र में सिंचाई विस्तार, समर्थन मूल्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा ग्रामीण अधोसंरचना के विकास हेतु पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। इससे किसानों की आय में वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। महतारी वंदन योजना सहित महिला कल्याण योजनाओं के लिए बड़े बजट प्रावधान से स्पष्ट है कि सरकार मातृशक्ति के सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के उन्नयन, छात्रावास सुविधाओं के विस्तार तथा कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का संकल्प इस बजट में दिखाई देता है। स्वास्थ्य एवं अधोसंरचना विकास

जिला अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण, नई स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थापना तथा सड़क, पुल एवं नगरीय विकास कार्यों के लिए महत्वपूर्ण राशि का प्रावधान प्रदेश के संतुलित विकास को सुनिश्चित करेगा। रवि सिन्हा ने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि जन-जन की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने प्रदेश सरकार को जनहितैषी एवं दूरदर्शी बजट के लिए बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इससे छत्तीसगढ़ आत्मनिर्भर, समृद्ध और सशक्त राज्य के रूप में स्थापित होगा।

## जनता को सपनों का झुनझुना, जमीनी हकीकत में खाली खजाना -छत्तीसगढ़ का निराशाजनक बजट - महेन्द्र



राजनांदगांव (दावा)। महेन्द्र यादव, सदस्य जिला पंचायत राजनांदगांव एवं महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव (ग्रामीण) ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को प्रदेश की जनता के साथ बड़ा छल बताया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश किया गया बजट केवल कागजी आंकड़ों और बड़ी-बड़ी घोषणाओं का पुलिंदा है, जिसमें आम जनता, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के लिए कोई ठोस एवं प्रभावी प्रावधान नजर नहीं आता। महेन्द्र यादव ने कहा कि प्रदेश का किसान आज समर्थन मूल्य, सिंचाई सुविधा, खाद-बीज की उपलब्धता और कर्ज राहत की मांग कर रहा है, लेकिन बजट में किसानों को वास्तविक राहत देने वाली कोई स्पष्ट नीति नहीं दिखाई देती। बेरोजगारी चरम पर है, युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं, लेकिन रोजगार सृजन के लिए ठोस रोडमैप का अभाव है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट जमीनी सच्चाइयों से कोसों दूर है। महंगाई, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति, ग्रामीण सड़कों की दुर्दशा और शिक्षा व्यवस्था में सुधार जैसे मुद्दों पर सरकार ने गंभीरता नहीं दिखाई। ग्रामीण क्षेत्रों और पंचायतों को सशक्त करने के बजाय उन्हें उपेक्षित किया गया है। महेन्द्र यादव ने कहा कि यह बजट प्रदेश की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने में पूरी तरह विफल रहा है। सरकार ने विकास के नाम पर केवल प्रचार किया है, जबकि हकीकत में जनता को झुनझुना थमाया गया है। अंत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के हितों की आवाज को मजबूती से उठाती रहेगी और किसानों, युवाओं तथा आम नागरिकों के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेगी।

(25 फरवरी 2026 विक्की फोटो-अमितेश झा)

## युवाओं व छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने वाला बजट - अमितेश झा



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता युवा मोर्चा के शहर मंत्री और शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के जन भागीदारी समिति के सदस्य छात्र नेता अमितेश झा ने बताया कि बजट में छात्र-छात्राओं और युवाओं के लिए विशेष तौर पर ध्यान रखकर वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा बजट पेश करते ही युवाओं और छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। युवाओं व छात्र-छात्राओं के लिए प्रमुख प्रावधान इस प्रकार है 731 करोड़ राज्य के विश्वविद्यालय को अनुदान 100 करोड़ स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना 50 करोड़ आईटीआई एवं पॉलीटेक्नीक संस्थानों के अधोसंरचना उन्नयन व 33 करोड़ व 33 करोड़ प्रतियोगी परिक्षाओं हेतु सहायता अंबिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर आदि विस्तार, 25 करोड़ महाविद्यालय भवन निर्माण। रायगढ़ के 5 सरकारी महाविद्यालयो में उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना।

## प्रदेश कांग्रेस असंगठित समस्या निवारण - सूरज शर्मा



राजनांदगांव (दावा)। प्रकोष्ट के प्रदेश सचिव सूरज शर्मा ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, वर्तमान में सत्तारूढ़ बीजेपी सरकार ने दो साल पहले ज्ञान थीम के साथ विकास की आधारशिला की बात रखी,पिछले वर्ष के बजट में गति थीम के साथ 36 गढ़ के समग्र विकास की बात कही और वर्तमान वित्तीय वर्ष में पेश बजट में संकल्प थीम के साथ प्रदेश की समृद्धि और सम्पन्ता को मुख्य तौर पर पेश किया गया है जो यथार्थ में एक दिवास्वप्न सा वास्तविकता से परे प्रतित होता है। विगत 2 सालों में 28000 से भी अधिक का कर्ज ले सरकार ने अपने कमजोर वित्तीय मेनेजमेंट को उजागर कर दिया है। वर्तमान में राज्य के ऊपर कर्जा 1.429 मिलियन के पार पहुँच गया है। सरकार की खर्चीली नीतियों का बोझ प्रदेश की जनता आखिर कब तक उठाएगी। भविष्य में प्रदेश सिर से पांव तक कर्ज में डूब जाएगा। लगता तो ऐसा है कि हमारे कुशल प्रबंधन में महारत वित्तमंत्री जी से व्यवस्था संभल नही रही। पूर्व भूपेश बघेल की सरकार ने भी कर्ज माफ किया किसानों को सारी सुख सुविधाएं मुहैया करवाई तब भी इतने कर्ज लेने की जरूरत नही आन पड़ी। इस बजट में कही भी हम देख लें किसानों के हित, युवाओं के रोजगार, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एवम ग्रामीण रोजगार को मजबूती उपलब्ध कराने जैसी कोई बात नही दिखती। नगरीय निकायों को वित्तीय संकट से उबार आर्थिक रूप से सम्पन्न बनाने जैसा कुछ नही दिखता। वर्तमान पेश बजट वास्तविकताओं और जमीनी सच्चाइयों से उलट है। यह सिर्फ आंकड़ो के जादू में उलझा एक दिवास्वप्न है।

## अंत्योदय से सिद्धि की ओर बढ़ता छत्तीसगढ़-घम्मन साहू ने बजट को बताया ऐतिहासिक और जनहितैषी



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत 1,72,000 करोड़ के बजट को वरिष्ठ भाजपा नेता घम्मन साहू ने प्रदेश की 25 वर्षों की विकास यात्रा को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक बजट बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत यह बजट 'समृद्ध किसान, सशक्त युवा, सुरक्षित महिला और विकसित छत्तीसगढ़' के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। घम्मन साहू ने कहा कि डबल इंजन सरकार का यह बजट अंत्योदय के संकल्प से सिद्धि की यात्रा को गति देने वाला है। बजट का मूल मंत्र संकल्प समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अंत्योदय, आजीविका और पॉलिसी से परिणाम तक प्रदेश के सर्वांगीण विकास की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत करता है।। उन्होंने कहा कि इस बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं, श्रमिकों और मध्यम वर्ग को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। कृषि एवं किसान कल्याण के लिए 13,507 करोड़, पंचायत एवं ग्रामीण विकास के लिए 16,560 करोड़ तथा स्कूल शिक्षा विभाग के लिए सर्वाधिक 22,360 करोड़ का प्रावधान किया गया है।। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु महतारी वंदन योजना के लिए 8,200 करोड़, सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण के लिए 2,320 करोड़ तथा विभिन्न महिला योजनाओं के लिए विशेष बजट प्रावधान किए गए हैं।

घम्मन साहू ने बताया कि युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु आर्थिक सहयोग, स्टार्टअप और कौशल विकास को बढ़ावा देने के ठोस प्रावधान किए गए हैं। 18 वर्ष पूर्ण करने वाली बालिकाओं को डेढ़ लाख रुपये देने की घोषणा को उन्होंने ऐतिहासिक निर्णय बताया। स्वास्थ्य क्षेत्र में रायपुर में 200 बिस्तर अस्पताल, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी में जिला अस्पताल, 25 डायलिसिस केंद्र, 50 जन औषधि केंद्र, राज्य का पहला होम्योपैथी कॉलेज तथा स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट की स्थापना जैसे प्रावधानों को उन्होंने जनस्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए पीएम जनमन योजना (720 करोड़), धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (?200 करोड़) सहित अनेक योजनाओं को उन्होंने आदिवासी अंचलों के सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम बताया। घम्मन साहू ने बताया कि बजट में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र को भी कई महत्वपूर्ण स्वीकृतियां मिली हैं। कुण्डा पीएचसी का सीएचसी में उन्नयन, पंडरिया में नालंदा लाइब्रेरी परिसर, शासकीय महाविद्यालय कुण्डा एवं कुई कुकदुर के लिए नवीन भवन निर्माण, 100 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण तथा सुतियापाट जलाशय के सतही स्त्रोत विस्तार जैसे कार्य क्षेत्रीय विकास को नई गति देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शुरू किए जा रहे पांच प्रमुख मिशन-मुख्यमंत्री एआई मिशन, पर्यटन विकास मिशन, खेल उत्कर्ष मिशन, अधोसंरचना मिशन एवं स्टार्टअप-निपुण मिशन प्रदेश को आत्मनिर्भर और आधुनिक बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। अंत में घम्मन साहू ने कहा कि यह बजट सामाजिक न्याय, सुशासन और पारदर्शिता पर आधारित है तथा प्रदेश के हर वर्ग और क्षेत्र के समुचित विकास को सुनिश्चित करेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे जनता की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब बताया।

## साय सरकार का तीसरा बजट विकसित राज्य बनाने का रखा लक्ष्य - वरिष्ठ भाजपा नेता अश्विनी ताम्रकार



गंडई (दावा)। साय सरकार का तीसरा बजट वित मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा पेश किया गया। बजट में विकसित भारत 2047 की तर्ज पर, विकसित छत्तीसगढ़ 2047 तक विकसित राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जैसे पहले बजट में GYAN (ज्ञान), दूसरे में GATI (गति) की तर्ज पर तीसरे बजट में SANKALP (संकल्प) है। जैसे समावेशी S विकास, A अंत्योदय, N - निवेश, k - कुशल मानव संसाधन,A- अंत्योदय, लाइवलीहुड, P - पॉलिसी से परिणाम तक पहुंचाने का लक्ष्य है। वित मंत्री ने मुख्यमंत्री मिशन लांच किया जा रहा जिसमें ए आई मिशन, पर्यटन विकास मिशन, मुख्य मंत्री खेल मिशन, अधोसर्चना मिशन, मुख्य मंत्री स्टार्टर निपुण मिशन। इससे योजनाबद्ध ढंग से विकास किया जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में भी नक्सलियों का गढ़ अब शिक्षा का गढ़ बनेगा। राज्य में कोई भी स्कूल भवन विहीन नहीं रहेगा। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पांच लाख तक निःशुल्क उपचार का प्रावधान है। गांवों की दृष्टि से बस्तर विकास प्राधिकरण की राशि 50 करोड़ से बढ़ाकर 75, करोड़ की गई है, जिससे विकास में और गति आएगी। इसी तरह ग्राम पंचायतों में विकास हेतु 50 लाख तक की राशि की एजेंसी बनाई जाएगी। लड़कियों के 18 वर्ष होने पर 1.50 लाख की राशि प्रदान की जाएगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता अश्विनी ताम्रकार ने 'sankalp' सूत्र के बजट का स्वागत करते हुये कहा कि इससे राज्य के विकास की गति में और तेजी आएगी।

## किसानों और युवाओं के लिए ठोस रोडमैप का अभाव -मोहनीश धनकर



राजनांदगांव (दावा)। जनपद पंचायत सदस्य मोहनीश धनकर ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट आम जनता, किसानों और युवाओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में असफल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट में बड़े-बड़े दावे तो किए गए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के लिए कोई स्पष्ट और ठोस रोडमैप नजर नहीं आता।

मोहनीश धनकर ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था का आधार किसान हैं, फिर भी बजट में कृषि क्षेत्र को लेकर दीर्घकालिक नीति का अभाव दिखाई देता है। समर्थन मूल्य, सिंचाई सुविधा विस्तार, खाद-बीज की उपलब्धता और कर्ज राहत जैसे मुद्दों पर स्पष्ट घोषणा नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि यदि किसानों की आय दोगुनी करने की बात की जाती है, तो उसके लिए व्यावहारिक योजनाएं और समयबद्ध लक्ष्य भी निर्धारित होने चाहिए। युवाओं के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि बेरोजगारी प्रदेश की सबसे बड़ी चुनौती है, लेकिन बजट में रोजगार सृजन को लेकर ठोस प्रावधान नजर नहीं आते। कौशल विकास, स्वरोजगार योजनाओं और नए उद्योगों की स्थापना के लिए स्पष्ट दिशा तय नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि केवल घोषणाओं से युवाओं का भविष्य सुरक्षित नहीं हो सकता, इसके लिए ठोस कार्ययोजना और पारदर्शी व्यवस्था आवश्यक है।

धनकर ने यह भी कहा कि ग्रामीण विकास, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बजट आवंटन पर्याप्त प्रतीत नहीं होता। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि वह विपक्ष एवं जनप्रतिनिधियों के सुझावों को गंभीरता से लेते हुए बजट में आवश्यक संशोधन करे, ताकि किसानों और युवाओं को वास्तविक लाभ मिल सके।

## बजट से छत्तीसगढ़ बनेगा समृद्ध एवं खुशहाल शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर विशेष फोकस



छुरिया (दावा)। भारतीय जनता पार्टी मंडल छुरिया के महामंत्री अशोक मरकाम ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को प्रदेश के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य, जिला अथवा गांव की प्रगति का वास्तविक मापदंड शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुदृढ़ व्यवस्था होती है, और इसी कसौटी पर खरा उतरते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट में जनकल्याण की व्यापक सोच स्पष्ट दिखाई देती है। अशोक मरकाम ने कहा कि बजट में एक ओर स्वास्थ्य एवं शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की नई संभावनाओं को बढ़ावा देने वाली योजनाओं का समावेश किया गया है, वहीं दूसरी ओर संकल्प थीम पर आधारित इस बजट में संतुलित क्षेत्रीय विकास, सामाजिक-आर्थिक समावेशन, आधारभूत संरचना विस्तार, निवेश आकर्षित करने हेतु सशक्त इकोसिस्टम निर्माण तथा कुशल मानव संसाधन विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है।

## छत्तीसगढ़ का बजट विकसित प्रदेश की परिकल्पना को करेगा साकार- योगेन्द्र सिंगने



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट विकसित प्रदेश की परिकल्पना को साकार करेगा। आने वाले समय में सभी वर्गों को इससे लाभ मिलेगा। आने वाले समय में रोजगार के अवसर विकसित होंगे। विकसित भारत की जो संकल्पना है उसे यह बजट मूर्त रूप प्रदान करने की दिशा में सकारात्मक कदम होगा। जिले के कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने वाला बजट जिले के युवा वर्ग होंगे स्वावलंबी जिले के नारी शक्ति के लिए विशेष अवसर।

# छत्तीसगढ़ को संकल्प से सिद्धि की ओर आगे बढ़ाने वाला बजट - डॉ. रमन सिंह



0 राजनांदगांव के विकास को बजट में मिली विभिन्न सौगातें, लगभग 1000 करोड़ से होगा जिले का चहुंमुखी विकास
0 जीवनदायिनी शिवनाथ के संरक्षण हेतु बजट में विशेष प्रावधान, तहसील कार्यालय बनेगा मार्डन, हाईस्कूलों का होगा उन्नयन
0 हॉकी स्टेडियम में लगेगी फ्लड लाईट, रानीसागर का होगा पुर्नविकास

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा 2026-2027 के लिये प्रस्तुत बजट को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रदेश के चहुंमुखी विकास और विकसित छत्तीसगढ़ का रोड मैप बताया है। उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रदेश सरकार का यह एक दूरदर्शी और जनहितैषी बजट साबित होगा। यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन का परिचायक है, वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इस वर्ष के बजट की थीम 'संकल्प' रखी है जिसमें समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अन्त्योदय, लाइवलीहुड और पॉलिसी से परिणाम तक को प्राथमिकता देकर सभी वर्गों के हित को समाहित किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश सरकार ने 'संकल्प-थीम' के साथ 1 लाख 72 हजार करोड़ रूपये का बजट पेश कर प्रदेश के सतत् विकास का खाका खींचा है। इसमें 5 प्रमुख मिशन शामिल किये गये है। जिसमें मुख्यमंत्री ए.आई. मिशन, मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन, मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन, मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन और मुख्यमंत्री स्टार्टअप और निपुण मिशन के लिये 100 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर, जल संवर्धन और किसानों को बजट में विशेष स्थान दिया गया है।

अपने विधानसभा के लिए बजट में रखे गये प्रावधानों की जानकारी देते हुए डॉ. रमन सिंह ने बताया कि राजनांदगांव जिले के विकास हेतु इस बजट में लगभग 1000 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। जीवनदायिनी शिवनाथ नदी के संरक्षण, संवर्धन एवं विकास हेतु इस बजट में लगभग 250 करोड़ रूपये की अलग-अलग प्रावधान किये गये है। इसके अलावा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 20 करोड़, स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत 20 करोड़ रूपये, नगरीय प्रशासन विभाग के अन्तर्गत 60 करोड़, लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत लगभग 200 करोड़ रूपये के विकास कार्यों को जगह दी गई है। इस तरह बजट में राजनांदगांव जिले के विकास के लिये लगभग 1000 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

### तहसील कार्यालय बनेगा मार्डन, हाईस्कूलों का होगा उन्नयन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बताया कि बजट में राजनांदगांव के तहसील कार्यालय को मॉर्डन रूप में विकसित करने के लिए 5 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। इसी तरह जिला कार्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 1 करोड़, उप पंजीयक कार्यालय, डोंगरगढ़ के लिए 80 लाख, लोक निर्माण विभाग के संभागीय कार्यालय परिसर में स्टॉफ क्वार्टर के लिए 1 करोड़ 20 लाख, जिला न्यायालय के स्टॉफ क्वार्टर हेतु 5 करोड़ रूपये प्रदान किये गये है। इसी तरह हाईस्कूलों के उन्नयन हेतु बजट में राशि प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत ग्राम रानीतराई, धामनसरा, गोड़लवाही, बालक हायर सेकेण्ड्री स्कूल लालबहादुर नगर के उन्नयन हेतु 75-75 लाख रूपये स्वीकृत किये गए है। इसके अलावा शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी के लिए 4 करोड़ 65 लाख आवासीय महाविद्यालय राजनांदगांव हेतु 10 करोड़ एवं दिग्विजय कॉलेज बालक छात्रावास पेण्ड्री के लिए 60 लाख रूपये प्रदान किये गए है।

### हॉकी स्टेडियम में लगेगी फ्लड लाईट, रानीसागर का होगा पुर्नविकास

बजट में खेल के लिये विशेष प्रावधान किये गए है। इसके अंतर्गत हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में टर्फ रिप्लेसमेंट, विद्युतीकरण एवं फ्लड लाईट हेतु 8 करोड़ 80 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। इसी तरह दिग्विजय स्टेडियम में इंडोर बैडमिंटन, बॉस्केटबॉल एवं अन्य सुविधाओं के विस्तार हेतु 6 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा राजनांदगांव में इंडस्ट्रीयल फैसिलीटेशन हेतु 20 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। इसी तरह राजनांदगांव के ऐतिहासिक रानी सागर एवं बूढासागर के पुनर्विकास हेतु बजट में 35 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। रेलवे क्रॉसिंग गौरीनगर से सरकारी प्रेस तक सड़क चौड़ीकरण के लिये 11 करोड़ रूपये दिये गये है। इसके साथ ही वर्ष 2026-27 के बजट में अधोसंरचना को मजबूती देते हुए 3 नवीन भवन निर्माण कार्यों हेतु लगभग 10 करोड़ 21 लाख रूपये से अधिक तथा 24 नवीन सड़क निर्माण कार्यों के लिए 8 करोड़ 81 लाख रूपयें से अधिक का प्रावधान किया गया है। जिससे क्षेत्रीय विकास और जनसुविधाओं को नई गति मिलेगी। राजनांदगांव विधायक डॉ. सिंह ने इस बजट को राजनांदगांव समेत पूरे प्रदेश के लिए विजनरी बजट बताते हुए कहा कि यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को धरातल पर साकार करने में महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। उन्होंने इस बजट के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और मार्गदर्शन व वित्त मंत्री ओपी चौधरी के परिश्रम और समर्पण पर धन्यवाद व्यक्त किया।

# पुल के नीचे गिरी स्कूल बस, एक बच्चे की मौत : 20 घायल, कई की हालत गंभीर





बालोद(दावा)। डौंडी थाना क्षेत्र के मरारटोला गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। आजाद पब्लिक स्कूल, डौंडी की स्कूल बस अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरी। हादसे में एक स्कूली बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 20 अन्य बच्चे घायल हो गए हैं। इनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्कूल की छुट्टी के बाद बस बच्चों को घर छोड़ने जा रही थी। बस में कुल 21 बच्चे सवार थे। इसी दौरान मरारटोला गांव के पास चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और बस पुल के नीचे गिर गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस को ड्राइवर की जगह क्लीनर चला रहा था। बताया जा रहा है कि वह शराब के नशे में था, जिसके कारण यह बड़ा हादसा हुआ। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे। घायलों को तत्काल डौंडी व बालोद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल बच्चों को बेहतर उपचार के लिए रेफर किए जाने की जानकारी है। डौंडी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में लापरवाही और नशे की पुष्टि होने की बात सामने आ रही है। आरोपी क्लीनर को हिरासत में लेने की तैयारी की जा रही है। यह घटना स्कूल प्रबंधन की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। परिजनों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

# विभिन्न मांगों को लेकर मजदूर संघ ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

### जमकर की गई नारेबाजी, संविदा नियुक्ति को स्थाई करने सहित अन्य मांगे बनी मुद्दे




राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय मजदूर संघ द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्च खोल दिया है। बुधवार 25 फरवरी को कलेक्टर समीप फ्लाई ओवर नीचे संघ द्वारा धरना प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों के संदर्भ में जमकर नारेबाजी की गई और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

बताया जाता है कि अखिल भारतीय मजदूर संघ द्वारा लंबे समय से संविदा नियुक्ति को स्थाई करने सहित अन्य मांगों के संबंध में आवाज बुलंद कर रहा है। लेकिन किसी प्रकार सुनवाई नहीं हो रही है इससे आक्रोशित हो कर अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर मजदूरों ने आवाज बुलंद की और संघ द्वारा कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मजदूरों द्वारा अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी का दौर जारी रहा।

### संघ ने 10 सूत्रीय मांग को लेकर खोला मोर्चा

भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने बताया कि सन् 2004 से सरकार द्वारा मजदूरों का पेंशन बंद कर दिया गया है। पहले जो मजदूरो को औजार, सिलाई मशीन, सायकल आदि की सुविधा दी जाती थी उसे बंद कर दिया गया है। उन्होंने सरकार से मजदूरों के लिए रोजगार का माध्यम बनाने सहित संविदा नियुक्ति को स्थाई करने की मांग रखी है। बता दें कि भारतीय मजदूर संघ स्कीम कर्मी के तहत काम करने वाले मजदूरों की वेतन बढ़ाया जाए। कंपनी में काम करने वाले मजदूरों को सुरक्षा प्रदान करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आज ज्ञापन दिया गया। बताया गया कि 7-8 फरवरी को जगन्नाथपुरी में केंद्रीय भारतीय मजदूर संघ का आयोजन हुआ था उसमें विभिन्न मांगों को लेकर चर्चा हुई थी। और निर्णय लिया क्या की सालों से उपेक्षा का दंश झेल रहे मजदूरों को उसका अधिकार मिले। मजदूर संघ द्वारा ज्ञापन के माध्यम से सन् 2004 से बंद कर दी गई पेंशन को पुनः चालू करने व संघ के अन्य मांगों के संदर्भ में ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और श्रम मंत्री का ध्यान आकृष्ट किया गया है।

# खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने विधानसभा में उठाया जल संसाधन विभाग का मुद्दा



खुज्जी के 16 सिंचाई कार्यों में 15 लंबित, किसानों के हित में शीघ्र स्वीकृति की मांग

राजनांदगांव (दावा)। विधायक भोलाराम साहू ने आज विधानसभा के प्रश्नकाल के दौरान खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से जुड़े जल संसाधन विभाग के महत्वपूर्ण विषय को मजबूती से सदन में उठाया। उन्होंने क्षेत्र में प्रस्तावित एवं स्वीकृत सिंचाई कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति, वित्तीय प्रावधान एवं तकनीकी अनुमोदन में हो रही देरी पर गंभीर चिंता व्यक्त की। विधायक साहू ने सदन को अवगत कराया कि खुज्जी क्षेत्र के लिए प्रस्तावित 16 सिंचाई संबंधी कार्यों में से मात्र 1 कार्य को 4 करोड़ 9 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जबकि शेष 15 कार्य अभियंता स्तर पर लंबित हैं। उन्होंने प्रश्न उठाया कि जब योजनाएं सभी आवश्यक प्रक्रियाओं से गुजर चुकी हैं, तो उन्हें विभागीय स्तर पर रोके रखने का क्या कारण है? उन्होंने कहा कि नहर लाइनिंग, माइनर एवं सब माइनर निर्माण, एनीकट, स्टॉपडैम तथा पाइपलाइन विस्तार जैसी योजनाएं सीधे तौर पर किसानों की सिंचाई सुविधा, फसल उत्पादन और आय वृद्धि से जुड़ी हुई हैं। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र कृषि प्रधान है। जहां अधिकांश किसान वर्षा आधारित खेती पर निर्भर हैं। यदि सिंचाई परियोजनाओं को समय पर स्वीकृति एवं बजट नहीं मिलेगा, तो किसानों को हर सीजन आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। विधायक साहू की प्रमुख मांगें लंबित 15 कार्यों को तत्काल प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जाए। तकनीकी परीक्षण एवं अनुमोदन की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब रोका जाए। स्वीकृत कार्यों हेतु वित्तीय प्रावधान शीघ्र जारी कर टेंडर प्रक्रिया एवं कार्यादेश समयबद्ध पूर्ण किए जाएं। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता नियंत्रण के लिए नियमित निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। लंबित फाइलों के संबंध में जिम्मेदारी तय कर जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। विधायक साहू ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि एक कार्य को 4 करोड़ 9 लाख रुपये की स्वीकृति मिल सकती है, तो शेष योजनाओं को रोके रखना किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या संसाधनों की कमी है या विभागीय लापरवाही, जिसके कारण 15 योजनाएं आगे नहीं बढ़ पा रही हैं? उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सिंचाई व्यवस्था मजबूत होने से क्षेत्र में फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा। उत्पादकता में वृद्धि होगी तथा किसानों की आय में उल्लेखनीय सुधार आएगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त आधार मिलेगा। सदन में उठाए गए इस मुद्दे को क्षेत्र के किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने सराहा है। अंत में विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि जब तक खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के सभी लंबित सिंचाई कार्यों को स्वीकृत और बजट नहीं मिल जाता। तब तक वे किसानों की आवाज बनकर सदन में संघर्ष जारी रखेंगे।

# एंबुलेंस हादसे में युवक की दर्दनाक मौत, चालक फरार, पुलिस जांच में जुटी



खैरागढ़ (दावा)। चंद्राकर पैथोलाजी तुरकारीपारा मेन रोड पर दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत।। शहर के किल्लापारा निवासी कमल नारायण तिवारी पिता शिव प्रसाद तिवारी 45 वर्ष का बुधवार की शाम एक गंभीर सड़क हादसे का शिकार हो गए।।यह घटना चंद्राकर पैथोलॉजी लैब, तुरकारीपारा मेन रोड पर हुई।। जहां एक एंबुलेंस ने उन्हें ठोकर मार दी और चक्का उनके पेट के ऊपर से चल गया। युवक को घायल अवस्था में उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल पहुँचाया गया, लेकिन गंभीर चोटों के चलते उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद एंबुलेंस चालक फरार हो गया। स्थानीय पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और फरार चालक व वाहन की खोजबीन में जुट गई है। एंबुलेंस वाहन दुर्ग स्थित कलश हास्पिटल की बताई जा रही है। हादसे से क्षेत्र में डर और चिंता का माहौल है, और लोग तेज गति वाले वाहनों के खिलाफ कड़े कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

# 18 करोड़ के निर्माणाधीन नई सड़क में जगह-जगह पैचवर्क

### तत्कालीन एसडीओ हर्षद साहू के 25 साल की गारंटी ध्वस्त, अधिकारियों को झांकने की फुर्सत नहीं



डोंगरगांव (दावा)। शहर का अनोखा निर्माणाधीन सड़क जिसके लिए एक दो करोड़ नहीं महज 3.60 किमी के 18 करोड़ रुपए लगाए गए, लेकिन ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने ऐसी गुणवत्ता वाली सड़क बनाई। जिसमे सड़क बनते बनते ही बैठ रहा है और सड़क के कई जगहों पर गड्ढे हो गए। अब इन गड्ढों को भरने के लिए पैचवर्क किया जा रहा है। पूरे प्रदेश का शायद यह पहला सड़क प्रोजेक्ट होगा। जिसमें गुणवत्ताहीन काम पीडब्ल्यूडी विभाग के सीनियर टेक्निकल इंजीनियरों की देखरेख में निर्माणाधीन है। रोड निर्माण में पहले ही ठेकेदार लेखराम साहू के द्वारा काफी स्तरहीन काम किया गया। इसके लिए कई बार शहरवासियों के साथ वाद-विवाद हुआ। बैठक हुई, चक्काजाम तक हुआ, लेकिन न तो ठेकेदार सुधरा न काम सुधारा और न ही पीडब्ल्यूडी के अधिकारी पर लगाम लगा पाए और इसका कारण भी जनता अच्छे से समझती है।

बहरहाल वर्तमान में तो सड़क जगह-जगह बैठ रहा है और पैचवर्क करके उसे ठीक किया जा रहा है। कल्पना तो यह थी कि 18 करोड़ में चमचमाती सड़क होगी। बेहतरीन प्रकाश व्यस्था होगा। डिवाइडर ऐसा कि देखने वाले तारीफ की पुल बांध देते और तो और ड्रेनेज ऐसा कि बरसात में पानी नहीं रुकता, लेकिन यहां तो सब उल्टा हो रहा है। शहर के संसाधनों का ठेकेदार साहू और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने जमकर दोहन किया और प्रतिफल क्या मिला जर्जर और ऊबडखाबड़ स्तरहीन सड़क वहीं तत्कालीन एसडीओ हर्षद साहू ने भरे मंच से ये ऐलान कर दिया था कि यह सड़क 25 साल तक खराब नहीं होगी, लेकिन ये सडक़ तो बनते बनते ही खराब होने लगी।

स्टेट हाईवे में निर्माणाधीन महज 3.60 किमी की सड़क में वर्तमान में कई जगहों पर पैचवर्क किया जा चुका है। इस मामले में पीडब्ल्यूडी के मंत्री को कोई परवाह नहीं, ऐसा नहीं कि यह मामला उन तक नहीं पहुंचा है। वहीं वरिष्ठ अधिकारी एसी चेंबर से निर्देश दे रहे हैं। एसडीओ फील्ड वर्क में व्यस्त हैं और इंजीनियर को मौके में रहने की फुरसत नहीं है। सड़क ऐसा मुद्दा हो चुका है। इसके लिए बोलने लिखने के लिए शब्द कम हो गए, लेकिन दोषियों पर कार्यवाई के लिए कलम तक नहीं चली। वर्तमान में पैचवर्क और सड़क के लगातार खराब होने के संबंध में ईई श्री चौरसिया का फोन व्यस्त रहा। एसडीओ वीके अखंडा को कॉल किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। वहीं इंजीनियर कौशल जत्ती अनेक बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, न तो मिलते हैं न ही कॉल का जवाब देते हैं। ऐसे में ठेकेदार के साथ पीडब्ल्यूडी विभाग पूर्ण रूप से संदेह के घेरे में है।

# जंगलपुर में सजी बाल चौपाल : बच्चों ने पूछा- नशे से कैसे लड़ें जंग? डॉ. वर्णिका शर्मा से किया सीधा संवाद



राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अनूठी पहल, बच्चों ने बेझिझक रखे अधिकार, शिक्षा और सुरक्षा से जुड़े सवाल

राजनांदगांव (दावा)। जब बच्चे बोलते हैं, तो बदलाव की शुरुआत होती है। इसी सोच के साथ ग्राम जंगलपुर स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा बाल चौपाल का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने न केवल अपने अधिकारों को जाना, बल्कि समाज में व्याप्त बुराइयों और अपनी समस्याओं पर बेबाकी से अपनी राय रखी। चौपाल के दौरान सबसे चर्चा का विषय नशा मुक्ति रहा। बच्चों ने आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा से सवाल पूछा कि आखिर नशे से जंग कैसे लड़ी जाए? बच्चों ने नशे के खिलाफ अपनी चिंता जाहिर करते हुए इससे बचाव के तरीके पूछे। डॉ. शर्मा ने बच्चों की जिज्ञासाओं को गंभीरता से सुना और उन्हें आत्मविश्वास के साथ समाज में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को स्कूलों में बेहतर संसाधन सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश भी दिए।

### वक्त है बच्चों के लिए सबसे बड़ी विरासत : करुणा यादव

कार्यक्रम में शहर की प्रथम महिला नागरिक श्रीमती करुणा मधुसूदन यादव ने पालकों को संबोधित करते हुए एक मर्मस्पर्शी बात कही। उन्होंने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों को जो सबसे अच्छी विरासत दे सकते हैं, वह है अपनी व्यस्त दिनचर्या में से उनके लिए निकाले गए फुर्सत के कुछ पल। उन्होंने आयोग की इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन पर बल दिया। समाजसेवी सिद्धि मिरानी ने बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य और व्यक्तिगत स्वच्छता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के भीतर के संकोच को दूर कर उन्हें एक सुरक्षित और जागरूक वातावरण प्रदान करना था। आयोजन में ग्राम जंगलपुर के स्थानीय जनप्रतिनिधि और समाजसेवी केजादास साहू, जानीवाकर साहू, लक्ष्मण साहू, चन्दूलाल साहू, संतोष चौबे, लोमनदास साहू, ताम्रध्वज साहू, विनोद साहू, दीपिका साहू, सूर्यकांत साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी और शिक्षक उपस्थित थे।

# शिक्षित समाज ही उन्नती की ओर बढ़ता है - राजेश श्यामकर



राजनांदगांव (दावा)। बौद्ध समाज विकास मण्डल के तत्वाधान में स्टेशनपारा राजनांदगांव में माता सावित्री बाई फुले व माता फातिमा शेख की प्रतिमा स्थापित की गई। धम्म देशना व अतिथियों के संबोधन के साथ ही कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। प्रमुख वक्ता राजेश श्यामकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने संक्षिप्त उदबोधन में कहा कि किसी भी समाज की उन्नती का पायमाना इस बात से मापा जाता है कि उस समाज की महिलाओं ने शिक्षा के क्षेत्र में कितनी उन्नती की है। शिक्षित समाज ही लगातार उन्नती की ओर आगे बढ़ता ही रहता है। इसलिए बौद्ध समाज में महिलाओं का शिक्षित होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। अन्य वक्ताओं ने भी सभा को संबोधित किया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने अध्यक्षता की महापौर ने कहा ज्ञान ही वह शक्ति है, जो गुलामी के जंजीरों को तोड़ सकती है। विशिष्ट अतिथि भाई शाहिद खान, डॉ. रेखा मेश्राम,ख आसिफ अली, राजेश हुमने, बौद्ध समाज के अध्यक्ष दीपांकर खोब्रागढ़े, रूपेश दुबे, यथार्थ सम्राट, प्रभा दीदी बाल, सोनू शेंडे, कान्ती कुमार फुले राजू बारमाटे, छोटेलाल रामटेके, वंदना मेश्राम, नीतु अनोखे, रविता लकड़ा, संजय हुमने ने अपने सारगर्भित विचार रखे। राजेश हमुने, जिला अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा ने जानकारी दी और बताया कि राकेश शेंडे, सुनिता शेंडे, अनमोल शेंडे, लता शेंडे के द्वारा साक्षी शेंडे की स्मृति में सावित्री बाई फुले की प्रतिमा और हाजी अब्दुल लतीफ, सायरा बेगम द्वारा मो. शकुर मोहम्मद की स्मृति में फातिमा शेख की प्रतिमा स्थापित की गई। घोर घने जंगल में निवासरत् पूज्य भंते अग्गज्योति और पूज्य भंते विमल तिस्स संग्रामगिरी ताडोवा फारेस्ट चंद्रपुर के द्वारा परित्राण पाठ एवं धम्म देसना के बाद मूर्ति का अनावरण किया गया। कार्यक्रम से पूर्व रेल्वे स्टेशन से राकेश सुनिता शेंडे के निवास तक फूलों की वर्षा करते हुए पूज्य भंते संघ का स्वागत वंदन, सत्यभामा गोस्वामी, लता रामटेके, शीला मेश्राम, मीना डोंगरे, उषा बोरकर, निडा रंगारी, बिर्जी बाई गढ़े, रूस्मकला मेश्राम, तनु टेम्बूरकर, मोना गढ़े, वीणा गोस्वामी, प्रियांका डोंगरे, राजेश हुमने, सुनीता शेंडे, हर्ष कुमार शेंडे, सरोज शेंडे, राकेश शेंडे, सरोज हुमने, संगीता बोरकर, पाखी टेम्बुरकर, नूपूर बोरकर, महेश रामटेके आदि उपासकों ने किया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग राजेश श्यामकर, हर्ष कुमार शेंडे, राजेश हुमने, विशाल गढ़े, संदीप रामटेके, महेश रामटेके, नरेन्द्र हंसा, किशोर देशमुख, सरोज हुमने, सरोज शेंडे, संगीता बोरकर, रजनीश हुमने, अनमोल शेंडे, प्रवीण नोन्हारे ने कार्यक्रम में विशेष सहयोग किया।

आवश्यकता है
1. कोरल ड्रॉ डिजाइनर
2. फोटोकॉपी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर
पीआर इंटरप्राईजेस
9827188919,
8319360480




आवश्यकता है
दैनिक दावा अखबार में विज्ञापन/ मार्केटिंग कार्य एवं रात्रिकालीन हेल्पर व ड्रायवर हेतु कुशल एवं अनुभवी लड़के की आवश्यकता हैं। वेतन आकर्षक! संपर्क समय :- दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक।
संपर्क करें - दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव, मो.- 93004-14726



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com